20 सितंबर, 2024
अश्विन, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 330

हेमंत सोरेन के गढ़ भोगनाडीह में अमित शाह आज भरेंगे हुंकार






सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R. 336217 (IPRD) 24-25

www.epaper.azadsipahi.in

20 सितंबर, 2024
अश्विन, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 330

कांग्रेस-एनसी के घोषणापत्र से पाकिस्तान खुशः मोदी



### साहिबगंज और गिरिडीह में भाजपा की परिवर्तन यात्रा की आज होगी शुरुआत

# हेमंत सोरेन के गढ़ भोगनाडीह में अमित शाह आज भरेंगे हुंकार

■ भोगनाडीह में सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर करेंगे माल्यार्पण

■ झारखंड धाम में शिव मंदिर में करेंगे दर्शन

■ दोनों जगहों पर तैयारी अंतिम चरण में

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज/गिरिडीह।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गढ़ माने जानेवाले संथाल के इलाके में अमित शाह हुंकार भरेंगे। वह भाजपा की संथाल परगना और धनबाद प्रमंडल में परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करेंगे। साहिबगंज और झारखंड धाम में जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही भोगनाडीह में सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण और झारखंड धाम में शिव मंदिर में दर्शन का भी कार्यक्रम है। उनके आगमन की तैयारी को प्रशासनिक और पार्टी के स्तर पर अंतिम रूप दिया जा रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, परिवर्तन यात्रा के संयोजक सांसद दीपक प्रकाश और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने तैयारियों का जायजा लिया है। इससे पहले बाबूलाल और दीपक प्रकाश ने लगातार वहां का दौरा किया।

## 11 बजे पहुंचेंगे भोगनाडीह

प्राप्त जानकारी के अनुसार अमित शाह शुक्रवार सुबह देवघर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से वह साहिबगंज जायेंगे। सबसे पहले केंद्रीय गृह मंत्री साहिबगंज जिले के भोगनाडीह में अमर शहीद सिदो-कान्हू की जन्मस्थली भोगनाडीह 12 बजे पहुंचेंगे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे साहिबगंज जिला के पुलिस लाइन मैदान पहुंचेंगे। वहां वह पार्टी की 'संताल परगना परिवर्तन यात्रा' का शुभारंभ करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह गिरिडीह से लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

## 3 बजे पहुंचेंगे झारखंड धाम

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री शाम 3 बजे गिरिडीह जिला के जमुआ में झारखंड धाम पहुंचेंगे। यहां पहले वह शिव मंदर में पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद वहीं पर धनबाद प्रमंडल क्षेत्र के लिए परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे।



## केंद्रीय गृह मंत्री के आगमन को लेकर तैयारी अंतिम चरण में

केंद्रीय गृह मंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक और पार्टी स्तर पर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत प्रदेश के तमाम नेता लगातार दोनों जगहों का दौरा कर रहे हैं और तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। प्रसानकि स्तर पर दोनों जगहों पर विशेष सुरक्षा की व्यवस्था की गयी है। अमित शाह जहां-जहां जायेंगे, वहां का अधिकारियों ने निरीक्षण किया है। सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त किया गया है। सभास्थल पर मंच और पंडाल बन कर तैयार हो गया है। आसपास के क्षेत्रों से भाजपा कार्यकर्ता और अन्य लोगों के भारी संख्या में जुटने की उम्मीद जतायी जा रही है। पार्टी द्वारा आयोजन स्थल पर किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसकी व्यवस्था की गयी है।

## पाकिस्तान और कांग्रेस का एजेंडा एकः शाह



केंद्रीय गृह मंत्री ने पाक रक्षा मंत्री के बयान को लेकर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** झारखंड आने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बायन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे और एजेंडा एक ही हैं। पिछले कुछ सालों से राहुल गांधी हर एक भारत विरोधी ताकत के साथ खड़े दिखे हैं। दरअसल पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जम्मू-कश्मीर पर कहा था कि वे भी कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन की तरह जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 की बहाली चाहते हैं। वहीं, जम्मू-कश्मीर के भाजपा प्रभारी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान से यह स्पष्ट हो गया है कि राहुल गांधी और फारूक अब्दुल्ला पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। वे पाकिस्तान के इशारों पर नाच रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस पाकिस्तान की कठपुतली के रूप में काम कर रहे हैं।

## असम के मुख्यमंत्री ने दोनों आयोजन स्थलों का लिया जायजा

**साबिहगंज/गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के सह चुनावी प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने साहिबगंज और झारखंड धाम दोनों जगहों का गुरुवार को दौरा किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के आगमन की तैयारी की समीक्षा की। साथ ही दोनों कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। उन्होंने सभा के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। स्थानीय प्रशासन और आयोजन समिति के सदस्यों से भी मुलाकात की।



**झारखंड को भाजपा ने ही दिया और हिफाजत भी करेगी: हिमंता विस्व सरमा :** असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्व सरमा ने कहा कि झारखंड को अटल जी की सरकार ने अलग राज्य का दर्जा दिया था। अब झारखंड को भाजपा ही संवारेगी। उन्होंने कहा कि सरकार बांग्लादेशी घुश पैठियो को पनाह दे रही है। ये घुसपैठिये गरीब आदिवासियों को सता रहे हैं। उनका धर्मांतरण करवा रहे है। जो धर्मांतरण करना नहीं चाहते, उन्हें तरह-तरह की यातनाएं दी जाती है। उन्होंने कहा कि झारखंड रत्न गर्भा है। यहां के लोग बहुत ही अच्छे हैं। झारखंड की हेमंत सरकार पांच वर्षों में राज्य हित में एक भी उल्लेखनीय कार्य नहीं की है। सिवाय डेमोग्राफी बदलने की। भाजपा सबको साथ लेकर चलती है। सारी योजनाएं सबके लिए बनाती है। कोई भेदभाव नहीं करती। जबकि हेमंत सोरेन की सरकार की अधिकांश योजनाएं खास लोगों को लाभ पहुंचाने अथवा सस्ती लोकप्रियता के लिए है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा भाजपा पर राज्य के बाहर के नेताओं को उतारने का आरोप लागने के सवाल पर कहा कि देश सबका है। कहा क्या राहुल गांधी झारखंड नहीं आयेंगे। सवाल के जवाब सवाल में ही देते हुए कहा कि कांग्रेस प्रभारी मीर साहब कहां के हैं?

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंचीं रांची

### एयरपोर्ट पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत



नामकुम में आइसीएआर के शताब्दी समारोह में आज होंगी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार शाम विशेष विमान से रांची पहुंचीं। हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया गया। वहां राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह राजभवन के लिए रवाना हो गयीं। राष्ट्रपति शुक्रवार को नामकुम स्थित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान (आइसीएआर) के 100 वर्ष पूरा होने पर आयोजित समारोह में भाग लेंगी। राष्ट्रपति हवाई अड्डा से एचइसी गेट, हरमू बाइपास और रातू रोड होते हुए राजभवन पहुंचीं। वह राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। शुक्रवार सुबह 11 बजे से शुरू होनेवाले आइसीएआर के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति कार्यक्रम में शामिल होने से पहले शुक्रवार को राजभवन परिसर में बनाये गये भव्य मूर्ति गार्डन का शुभारंभ करेंगी। राजभवन के इस मूर्ति गार्डन में स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले झारखंड के शहीदों की कांसे की प्रतिमाएं स्थापित की गयी है। स्मृति गार्डन में शहीदों की जो प्रतिमा लगायी गयी है, उनमें नीलांबर पीतांबर, तेलंगा खड़िया, गया मुंडा, वीर बुधु भगत, सिदो-कान्हू, टाना जतरा भगत, दिवा किशुन, अल्बर्ट एक्का के साथ ही साथ स्वामी विवेकानंद भी हैं। खास बात यह है कि बतौर झारखंड की राज्यपाल रहते इस गार्डन की परिकल्पना राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ही की थी।

# देशविरोधी टूलकिट का हिस्सा है कांग्रेस : बाबूलाल मरांडी

तिरुपति मंदिर मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35 ए पुनः लागू करने की बात कही है। कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही जेकेएनसी ने भी अपने घोषणा पत्र में इन देशविरोधी मांगों को शामिल किया है। गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने इस बारे में एक बयान जारी कर राहुल गांधी से सवाल किया कि आखिर बार-बार कांग्रेस और पाकिस्तान के सुर क्यों मिलते हैं? क्या एक ही टूलकिट के माध्यम से कांग्रेस पार्टी और पाकिस्तान की सरकार काम कर रही है? राहुल गांधी जी, देश की जनता आपके नापाक मंसूबे अच्छी तरह से समझती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रहते दुनिया की कोई भी ताकत जम्मू कश्मीर में धारा 370 की वापसी नहीं करा सकती।

वन नेशन, वन इलेक्शन को मंजूरी का स्वागतः एक अन्य पोस्ट में बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा वन नेशन, वन इलेक्शन को दी गयी मंजूरी का स्वागत करते हुए कहा है कि यह देश के चुनाव सुधारों में मील का



पत्थर साबित होगा। इससे देश के समय एवं बहुमूल्य संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है।

तिरुपति मंदिर मामले के दोषियों पर कार्रवाई की मांगः बाबूलाल मरांडी ने एक अन्य पोस्ट में कहा है कि आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी की सरकार के दौरान तिरुपति मंदिर के प्रसाद में घी की जगह जानवर की चर्बी का उपयोग करने की बात सामने आयी है। टेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक प्रसाद में जानवरों की चर्बी मिलाने की पुष्टि भी हुई है। उन्होंने कहा है कि इस कृत्य से जगनमोहन रेड्डी की सरकार ने देश के करोड़ों हिंदुओं की आस्था और मंदिर की पवित्रता के साथ खिलवाड़ किया है। भगवान वेंकटेश्वर की पवित्रता और करोड़ों हिंदुओं की आस्था को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाये जाने का कृत्य अति निंदनीय और अक्षम्य है। बाबूलाल ने आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से मामले के सभी दोषियों पर कठोरतम कारवाई करने की मांग की है।

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के अभ्यर्थियों ने परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने का आग्रह कियाः इस बीच झारखंड कर्मचारी चयन पर्षद द्वारा आयोजित की जानेवाली सीजीएल परीक्षा के अभ्यर्थियों ने गुरुवार को बाबूलाल मरांडी से भेंट कर उन्हें एक पत्र सौंपा। इसमें परीक्षा तिथि को आगे बढ़ाने का आग्रह किया गया है। इस बारे में बाबूलाल मरांडी ने लिखा कि ज्ञात हो कि जेएसएससी ने 21 और 22 सितंबर को परीक्षा तिथि तय की है। इस अवधि के दौरान 21 से 27 सितंबर तक नक्सली संगठन स्थापना दिवस कार्यक्रम पर हिंसा की आशंका बनी हुई है, जिसकी पुष्टि कई समाचार पत्रों ने भी की है। भाजपा नेता ने कहा कि उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान राज्य सरकार की लापरवाही के कारण कई छात्रों की जान चली गयी थी। इस वजह से भी छात्र असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अतः सरकार से आग्रह है कि छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवेदन पर संवेदनापूर्वक विचार करे और परीक्षा तिथि में संशोधन करे।

### गढ़वा में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# झारखंड का नवनिर्माण हमारी प्रतिबद्धताः हेमंत सोरेन

गढ़वा और लातेहार जिले को लगभग 206 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात और परिसंपत्तियों का वितरण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज आपके चेहरे की खुशी यह बता रही है कि हमारी जन कल्याणकारी योजनाएं आपको कितनी पसंद आ रही हैं। हमारा मकसद ना सिर्फ आपकी समस्याओं का समाधान करना है, बल्कि विकास में आपकी भागीदारी भी सुनिश्चित करनी है। इस कड़ी में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' एक मजबूत और बेहद कारगर कार्यक्रम साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री गुरुवार को गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल प्रखंड स्थित दुलदुलवा पंचायत में आयोजित 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में



बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड का नवनिर्माण हमारी प्रतिबद्धता है। इसलिए सरकार रांची हेडक्वार्टर से नहीं, बल्कि गांव और देहात से चल रही है, ताकि सरकार और जनता के बीच सीधा संपर्क बना रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम के तहत गांव-पंचायत एवं टोला-मोहल्ला में विशेष शिविर लगाये जा रहे हैं। बीडीओ-सीओ जैसे जिन अधिकारियों को आपने कभी देखा नहीं, वे आपके दरवाजे पर आकर सरकार की योजनाओं से आपको जोड़ने का काम कर रहे हैं। मैं भी विभिन्न जिलों में आयोजित हो रहे विशेष शिविरों में लगातार शामिल हो रहा हूं, ताकि आपके साथ सीधा संवाद करने के साथ सरकार की योजनाओं की हकीकत को जान सकूं।

**हर कदम पर हम आपके साथ हैं:** हेमंत ने कहा कि हमारी सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है। चाहे कोविड का वह भयावह दौर हो या आज पूरे मान-सम्मान के साथ आपको हक- अधिकार देने की बात। सरकार हर मोर्चे पर आपको आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि अगले पांच वर्षों में हर घर में हर वर्ष एक लाख रुपया पहुंचायेंगे। हम आपको इतना सशक्त बनायेंगे कि किसी के आगे हाथ फैलाना नहीं पड़े। जिस तरह आप हमारा सहयोग करते आ रहे हैं, आगे भी अपना आशीर्वाद बनाए रखें, ताकि आपके लिए और मजबूती के साथ काम करने की ताकत हमें मिले। पेज पांच भी देखें

## आधी आबादी को दे रहे हैं सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी सशक्तिकरण हमारी प्रतिबद्धता है। इस कड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से हम आधी आबादी को मान-सम्मान देने का काम कर रहे हैं। आज 18 वर्ष से 50 वर्ष तक की लगभग 50 लाख माताओं और बहन-बेटियों को हर महीने एक हजार रुपये समान राशि दे रहे हैं । इनके खाते में दूसरी किस्त की भी राशि भेजी जा चुकी है। मैं आपको भरोसा दिलाना चाहता हूं कि यह योजना निरंतर चलेगी, ताकि इस राज्य की बहन- बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में और मजबूती के साथ आगे बढ़ सकें। मुख्यमंत्री ने गरीबों, किसानों, पिछड़ों, युवाओं, छात्र-छात्राओं के लिए अपनी सरकार द्वारा शुरू की गयी योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने पेंशन योजना, 200 यूनिट बिजली मुफ्त, गुरुजी क्रेडिट कार्ड आदि के बारे में लोगों को अवगत कराया।

## दिग्भ्रमित नहीं हों, बिखराव करनेवालों को जवाब दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी राज्य तभी आगे बढ़ेगा, जब समाज में किसी तरह का कोई बिखराव नहीं होगा। सभी मिल-जुल कर रहेंगे और समाज तथा राज्य के विकास में अपना योगदान देंगे। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आपको दिग्भ्रमित कर समाज को जो तोड़ना चाह रहे हैं, उससे ना सिर्फ सतर्क तथा सावधान रहें बल्कि करारा जवाब भी दें।

## दो लाख 228 लाख लाभुकों के सशक्तिकरण की दिशा में कदम

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लातेहार और गढ़वा और लातेहार जिले को लगभग 206 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी और परिसंपत्तियों का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने लातेहार और गढ़वा जिलों के 2 लाख 228 लाख लाभुकों के सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाया। इस मौके पर मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, विधायक रामचंद्र सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

www.epaper.azadsipahi.in

20 सितंबर, 2024
अश्विन, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 330

25 लाख से अधिक नये किसानों को पीएम-किसान योजना से जोड़ा गया: शिवराज सिंह चौहान





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 69,300 रु./10 ग्राम
चांदी 90,000 रु./प्रति किलो



# झामुमो और भाजपा चुनावी रण में व्यस्त, कांग्रेस के नेता कश्मीर में मस्त

## ■ 2024 विधानसभा चुनाव की बदली परिस्थितियों में कांग्रेस के समक्ष जीती हुई सीटों को बचा पाना आसान नहीं

## ■ केशव महतो कमलेश तपे-तपाये नेता हैं, लेकिन दूसरे नेताओं का किनारे बैठ तमाशा देखना कांग्रेस के लिए मुश्किल पैदा कर सकता है

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड में आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों की गतिविधियां पूरे उफान पर हैं। सीट शेयरिंग से लेकर उम्मीदवार चयन और चुनाव प्रचार अभियान की रणनीति बनायी जा रही है, वोटों का जातीय समीकरण साधने की जुगत लगायी जा रही है और संसाधन जुटाने का काम तेजी से चल रहा है। ऐसे माहौल में यदि कोई पार्टी इन चुनावों से निश्चिंत दिख रही है, तो वह है कांग्रेस, जिसके बड़े से लेकर छोटे नेता और कार्यकर्ता झारखंड में दिखाई ही नहीं दे रहे हैं। ये नेता अपने राज्य के विधानसभा चुनावों से बेफिक्र कश्मीर की वादियों में चुनाव प्रचार कर रहे हैं, क्योंकि वहां झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। झारखंड कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता भले ही झारखंड में कोई जनाधार नहीं रखते हों, प्रभारी के सामने खुद को साबित करने के लिए कश्मीर में प्रचार अभियान चला रहे हैं और वह भी निजी खर्च पर। झारखंड कांग्रेस के नेता कश्मीर में क्या कर रहे हैं और कितना प्रभाव डाल रहे हैं, यह तो चुनाव परिणाम ही बतायेगा, लेकिन सबसे आश्चर्य इस बात का है कि झारखंड के नेता कश्मीर में भाषा की समस्या से कैसे निबट रहे हैं, लोगों से कैसे संवाद कर रहे हैं। झारखंड कांग्रेस के जो एकमात्र नेता यहां पसीना बहा रहे हैं, वह हैं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, लेकिन विधानसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच उनकी मदद के लिए कोई नहीं है। इसलिए कांग्रेस के सामने प्रत्याशी चयन से लेकर दूसरे चुनावी कार्य संपन्न करने और अपनी सीट दोबारा हासिल करने की बड़ी चुनौती है। क्या है झारखंड कांग्रेस की अंदरूनी स्थिति और क्या हो सकता है विधानसभा चुनाव में इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राहुल सिंह।**


राहुल सिंह

झारखंड में विधानसभा चुनाव का एलान किसी भी वक्त हो सकता है। यहां का सियासी पारा पूरे उफान पर है। एक तरफ सत्ताधारी दल झामुमो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार लोगों के बीच जाकर प्रदेश भाजपा और केंद्र पर निशाना साध रहे हैं। वहीं भाजपा का केंद्र और प्रदेश नेतृत्व झारखंड में सत्ताधारी दल झामुमो, कांग्रेस और राजद पर पूरी तरह से हमलावर दिखाई दे रहा है। भाजपा के साथ-साथ एनडीए में शामिल आजसू भी पूरी शक्ति के साथ सत्ता पक्ष पर हमला बोल रहा है। दूसरी तरफ सत्ताधारी दल की सहयोगी कांग्रेस की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ही ऐसे नेता हैं, जिन्होंने जिस दिन से प्रदेश नेतृत्व की कमान संभाली है, उस दिन से दिन रात एक किये हुए हैं। वहीं कांग्रेस के दो दर्जन से अधिक नेता नेता, प्रत्याशी का आवेदन देकर या तो चुपचाप बैठ गये हैं या घूमने में व्यस्त हैं। ये नेत जम्मू कश्मीर में चुनाव लड़नेवाले कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर की विधानसभा में घूम रहे थे। कई तो पंद्रह दिन पहले ही चले गये थे, तो कई एक हफ्ता तक वहां डेरा डाले हुए थे। इनका कश्मीर दौरा नेताओं के साथ-साथ गुलाम अहमद मीर को सवालों के घेरे में ले लिया है। सवाल इसलिए कि जिस राज्य में विधानसभा का चुनाव सिर पर है, प्रदेश अध्यक्ष दिन-रात एक किये हुए हैं, वहीं दूसरी कतार के नेता कश्मीर का दौरा कर रहे हैं। इनके जाने से गुलाम अहमद मीर को चुनाव में कितना लाभ मिलेगा, यह तो समय बतायेगा लेकिन इनकी अनुपस्थिति जरूर चौंका गयी है। वहीं हाल के दिनों में जमशेदपुर में कांग्रेस के कार्यकर्ता जिस तरह से मलयुद्ध पर उतर आये थे, उससे कहीं ना कहीं कांग्रेस को निश्चित रूप से नुकसान होगा। इससे यह भी पता चलता है कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष के अलावा अन्य के नेताओं में कितनी गंभीरता है। इन सबका क्या असर पड़ेगा इस पर प्रकाश डाल रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राहुल सिंह।

बात शुरू करते हैं कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से। सही मायनो में देखा जाये तो प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को छोड़ कर कांग्रेस का कोई भी बड़ा नेता या कार्यकर्ता संगठित रूप से चुनाव को लेकर उतना गंभीर नहीं दिख रहा। इनमें से किसी नेता की सक्रियता अगर सामने भी आ रही है, तो अपने चुनाव क्षेत्र तक। प्रदेश अध्यक्ष बनते ही केशव महतो कमलेश पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी डाल कर एक तरह से दूसरे नेता निश्चिंत हो गये हैं। उनका मानना है कि कांग्रेस की नैया को पार लगाने की जिम्मेदारी केशव महतो कमलेश की ही है, क्योंकि अध्यक्ष वही हैं। कांग्रेस के कई पुराने सहयोगी किनारे पर बैठ राजनीतिक तपिश से बच कर ठंडी हवा का मजा ले रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश लगातार संवाद आपके साथ कार्यक्रम के तहत अपने प्रखंड और मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ मिल बैठ कर उनकी बात सुन रहे हैं। उनकी सलाह ले रहे हैं। इस कार्यक्रम का अंतिम चरण 19 से 21 सितंबर तक संथाल जिला जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ में शुरू हो रहा है।

### कौन हैं केशव महतो कमलेश

केशव महतो कमलेश कांग्रेस पार्टी में लंबे समय से हैं। वे अविभाजित बिहार में सिल्ली विधानसभा सीट से विधायक रह चुके हैं। 1985 में वह पहली बार सिल्ली विधानसभा सीट से विधायक चुने गये। इसके बाद वह बिहार सरकार में मंत्री भी बने। साल 1995 में केशव महतो कमलेश फिर सिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत कर विधायक बने। लेकिन साल 2000 में वह सुदेश महतो से हार गये। इसके बाद वह फिर कभी विधायक नहीं बने। वह इससे पहले कार्यकारी अध्यक्ष का भी पदभार संभाल चुके हैं। उनकी पहचान एक साफ सुथरी छवि के नेता रूप में है। उनके ऊपर अब तक किसी प्रकार का कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। उन्होंने 1976 से 1978 के बीच रांची विश्वविद्यालय से एमए की पढ़ाई की है।



### कांग्रेस का मास्टर स्ट्रोक हैं केशव महतो कमलेश

कांग्रेस ने सोच-समझ कर केशव महतो कमलेश को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी है और बड़ा ओबीसी दांव खेला है। राज्य में महतो (कुर्मी) जाति को साधने की रणनीति के हिसाब से कांग्रेस ने यह कदम उठाया है। झारखंड में ओबीसी की आबादी करीब 42 प्रतिशत है। ऐसे में एक बड़े वोट बैंक को कांग्रेस ने अपने पाले में करने के लिहाज से ये राजनीतिक रणनीति अपनायी है। केशव महतो कमलेश व्यवहार कुशल, सादा जीवन व्यतीत करने वाले नेता के तौर पर जाने-पहचाने जाते हैं। इनके सामने कांग्रेस और गठबंधन के पक्ष में ओबीसी वोट को गोलबंद करने की सबसे बड़ी चुनौती होगी।

### कुर्मी वोटरों को साधने की है तैयारी

कुर्मी वोटरों की गोलबंदी को लेकर कांग्रेस केंद्रीय नेतृत्व ने केशव को अध्यक्ष बनाया है। झारखंड में कुर्मी समुदाय की अच्छी खासी जनसंख्या है। कई जिलों मसलन रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, धनबाद, जमशेदपुर समेत कई इलाकों में कुड़मी वोटर्स निर्णायक की भूमिका में हैं।

### कांग्रेस को आत्ममंथन करने की है जरूरत

अब समय आ गया है कि कांग्रेस आलाकमान और झारखंड के सभी नेता-कार्यकर्ता आत्ममंथन करें। सिर्फ अपनी-अपनी उम्मीदवारी और दावेदारी जता कर, कार्यक्रमों में माला पहन कर और कश्मीर की सैर करके चुनाव नहीं जीता जा सकता। अब जरूरत है धरातल पर उतर कर अपनी आवाज बुलंद करने की। हाल ही में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने विधायक दल की बैठक में साफ शब्दों में कहा था कि हर हाल में पार्टी की पहली प्राथमिकता 18 विधानसभा सीट को पहले जीतना है। यह सुनने में तो अच्छा लगता है, लेकिन क्या प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर इसके लिए खुद गंभीर हैं, यह समझने वाली बात है। झारखंड में किसी भी वक्त विधानसभा चुनाव का एलान हो सकता है, यह जानते हुए कांग्रेसियों का कश्मीर दौरा कितना उचित था। इस दौरे पर कांग्रेस आलाकमनान को आत्ममंथन करने की जरूरत है।

दरअसल, गुलाम अहमद मीर ने जिन 18 विधानसभा सीटों का जिक्र किया था, वहां से कांग्रेस के विधायक हैं। कांग्रेस की पाकुड़, जामताड़ा, पोड़ैयाहाट, महागामा, जरमुंडी, बरही, बेरमो, झरिया, बड़कागांव, मांडू, मांडर, खिजरी, जमशेदपुर पश्चिमी, जगरनाथपुर, कोलेबिरा, सिमडेगा, मनिका और लोहरदगा विधानसभा सीट पर दोबारा जीतने की चुनौती है। यह तभी मुमकिन है, जब कांग्रेस अन्य राज्यों में सैर-सपाटा बंद कर झारखंड में अपने प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ चुनावी मैदान में कंधे से कंधा मिला कर संगठित तरीके से जनता के बीच में जाये।

### फंस सकती हैं कांग्रेस की कई सीटें

वैसे तो कांग्रेस 'विनिंग ऑल सीटिंग सीट' की बात कर रही है, लेकिन अगर 2019 के विधानसभा चुनाव के नतीजों का विश्लेषण करें तो कई सीट फंसती नजर आ रही है। वहां पर कांग्रेस को बहुत कम अंतर से जीत मिली थी।

### विधायक दल के नेता रामेश्वर उरांव के लिए बड़ी चुनौती

इसमें पहला नाम राज्य के वित्त मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता रामेश्वर उरांव का है, जिनकी विधानसभा सीट लोहरदगा पर कड़ा मुकाबला है। वैसे तो रामेश्वर उरांव तपे-तपाये नेता हैं, लेकिन लोहरदगा में जिस तरह से गुटबाजी हावी है और वहां विधायक और सांसद समर्थकों के बीच जिस तरह म्यान खींची रहती है, उससे साफ दिख रहा है कि अगर वहां कांग्रेस ने संगठित तरीके से चुनावी मैदान नहीं संभाला, आपस की दूरियां नहीं मिटीं, तो चुनाव बहुत फाइटवाला होगा।

2019 में आजसू से गठबंधन न हो पाने का नुकसान भाजपा को उठाना पड़ा था। तब आजसू की ओर से नीरू शांति भगत 39916 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रही थीं और भाजपा प्रत्याशी सुखदेव भगत 44230 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी रामेश्वर उरांव 74380 वोट पाकर 30150 वोटों से विजयी हुए थे। साफ है कि भाजपा-आजसू के बीच वोटों के जबरदस्त बंटवारे के कारण कांग्रेस की जीत आसान हो गयी थी। इस बार आजसू भाजपा के साथ है, जबकि बाबूलाल मरांडी की पार्टी झाविमो का भी भाजपा में विलय हो चुका है।

### पूर्व कृषि मंत्री बादल को भी करना पड़ेगा संकट का सामना

झारखंड में 2019 के मुकाबले 2024 की बदली राजनीतिक परिस्थितियों में जरमुंडी विधानसभा सीट भी पर भी कांग्रेस फंसती नजर आ रही है। 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी के मजबूत महागठबंधन के बावजूद बादल पत्रलेख महज 3099 वोटों से जीत हासिल कर पाये थे। तब भाजपा या कहें एनडीए बिखरा हुआ था। ऐसे में पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के लिए इस बार विजय रथ पर सवार होना आसान नहीं लग रहा है, क्योंकि 2019 के चुनाव में बादल पत्रलेख को जरमुंडी विधानसभा सीट से 52507 वोट मिले थे और भाजपा के देवेंद्र कुंवर को 49408 वोट मिले थे। यहां गौर करनेवाली बात यह है कि उस समय तत्कालीन झारखंड विकास मोर्चा भी मैदान में था और उसके उम्मीदवार संजय कुमार को 9242 वोट मिले थे। आज की तारीख में झारखंड विकास मोर्चा का भारतीय जनता पार्टी में विलय हो चुका है और बाबूलाल मरांडी प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष हैं। आजसू भी भाजपा के साथ है, ऐसे में जरमुंडी विधानसभा सीट से बादल पत्रलेख की जीत इस बार आसान नहीं दिख रही है।

### अंबा प्रसाद को देनी होगी अग्निपरीक्षा

बड़कागांव विधानसभा के इतिहास पर नजर डालें तो यह सीट कांग्रेस की सुरक्षित विधानसभा सीटों में से एक है, क्योंकि पिछले तीन विधानसभा चुनाव/उपचुनाव में एक ही परिवार ने जीत दर्ज की है। बड़कागांव विधानसभा सीट पर पहले योगेंद्र साव, फिर निर्मला देवी और फिर अंबा प्रसाद ने कांग्रेस का परचम लहराया है।

हालांकि, 2019 के विधानसभा चुनाव के आंकड़ों पर गौर करें तो यह साफ हो जाता है कि भाजपा और आजसू के बीच गठबंधन ना होने के कारण अंबा प्रसाद की जीत आसान हो गयी थी।

2019 में अंबा प्रसाद ने 98862 वोट हासिल किये थे और आजसू पार्टी के उम्मीदवार रोशनलाल चौधरी 67348 वोट और भाजपा के लोकनाथ महतो को 31761 और जेवीएम उम्मीदवार दुर्गाचरण प्रसाद को 3347 वोट मिले थे। इससे साफ है कि 31514 वोटों से जीत हासिल करने वाली अंबा को अब भाजपा-आजसू की जोड़ी का सामना करना पड़ेगा, जो आसान नहीं होगा।

### जगन्नाथपुर सीट पर मुश्किल में कांग्रेस

2019 के विधानसभा चुनाव में पश्चिमी सिंहभूम की जगन्नाथथपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। उस समय कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के कांग्रेस में होने के साथ-साथ भाजपा, आजसू-झाविमो प्रत्याशियों के बीच वोटों के बंटवारे का लाभ कांग्रेस को मिला था। तब कांग्रेस प्रत्याशी सोनाराम सिंकू ने 32499 वोट पाकर झाविमो के मंगल सिंह बोबोंगा को 11606 वोटों से हराया था। तब मंगल सिंह बोबोंगा को 20893 वोट मिले थे, जबकि भाजपा प्रत्याशी सुधीर कुमार सुंडी को 16450 और आजसू प्रत्याशी मंगल सिंह सुरेन को 14222 वोट मिले थे। आंकड़े बताते हैं कि वोटों के बंटवारे के कारण कांग्रेस प्रत्याशी की जीत हुई थी। फिलहाल मधु कोड़ा और गीता कोड़ा भाजपा में हैं, आजसू एनडीए का हिस्सा है और झाविमो का भाजपा में विलय हो चुका है।

### खिजरी सीट बन सकती है कांग्रेस के लिए चुनौती

2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा से खिजरी सीट छीन ली थी, जिसका मुख्य कारण भाजपा और आजसू के बीच गठबंधन न हो पाना और बाबूलाल मरांडी की पार्टी झाविमो का भी मैदान में उतरना था। उस समय भाजपा के मौजूदा विधायक रामकुमार पाहन को कांग्रेस उम्मीदवार राजेश कच्छप के हाथों 5469 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था।

तब राजेश कच्छप को 83829 वोट मिले थे, जबकि रामकुमार पाहन को 78360 वोट मिले थे और आजसू उम्मीदवार रामधन बेदिया को 29091 वोट मिले थे। उस समय झाविमो उम्मीदवार अंतु तिर्की को भी छह हजार से अधिक वोट मिले थे। लेकिन इस बार 2024 में परिस्तिथियां अलग होंगी और कांग्रेस के लिए कड़ी चुनौती होगी।

### बेहद कम वोटों से सिमडेगा जीती थी कांग्रेस ने

कांग्रेस की सीटिंग सीटों में सिमडेगा सीट भी ऐसी सीट है, जहां इस बार कांग्रेस की जीत आसान नहीं दिख रही है। 2019 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से त्रिकोणीय मुकाबले में कांग्रेस उम्मीदवार भूषण बाड़ा महज 285 वोटों से जीत पाये थे। यहां भले ही आजसू नहीं थी, लेकिन तब जेवीएम का सिंबल मोहन बड़ाइक को दिया था और उन्हें 2137 वोट मिले थे। लेकिन अब जेवीएम के भाजपा में विलय के कारण यह अंतर पाटना कांग्रेस के लिए आसान नही होगा।

### कांग्रेस को देनी होगी अग्निपरिक्षा

यह तो स्पष्ट है कि इस बार का विधानसभा चुनाव 2019 के मुकाबले बेहद रोचक होनेवाला है। झामुमो हो या भाजपा दोनों खुल कर चुनावी मैदान में उतर चुके हैं और इस बार की परिस्थितियां भी काफी बदल चुकी हैं और यह बदली हुई परिस्तिथि सत्ताधारी दलों के लिए कड़ी चुनौती पेश कर सकती है खासकर कांग्रेस के लिए । 2019 में जहां भाजपा और आजसू की राह अलग थी, इस बार वे दोनो साथ हैं और वहीं बाबूलाल जैसा बड़ा हथियार भी भाजपा के पास है। जाहिर है कि अगर कांग्रेस के तमाम नेता आपसी मतभेद भुला कर संगठित तरीके से चुनाव मैदान में नहीं उतरे, तो चुनाव में सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को ही होगा।

---

# जेपी नड्डा 23 को दक्षिणी छोटानागपुर की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे : आरती कुजूर

**भाजपा की परिवर्तन यात्रा हेमंत सरकार की अंतिम यात्रा साबित होगीः प्रतुल शाहदेव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** गुरुवार को खूंटी के भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के लिए आयोजित परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ 23 सितंबर को खूंटी से भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, कड़िया मुंडा, नीलकंठ सिंह मुंडा, कोचे मुंडा सहित तमाम बड़े नेता उपस्थित रहेंगे। यात्रा का समापन 1 अक्टूबर को रांची में होगा। खूंटी से प्रारंभ होनेवाली यह परिवर्तन यात्रा खूंटी से सिमडेगा, गुमला लोहरदगा आदि जिलों से होती हुई 998 किलोमीटर की यात्रा तय कर रांची जिला में प्रवेश करेगी। इस दौरान 15 विधानसभा क्षेत्रों के 35 प्रखंडों में कहीं-कहीं बड़ी सभा, छोटी सभा, नुक्कड़ सभा, रोड शो आदि का आयोजन होगा।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि राज्य में चारों ओर अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार और महिला उत्पीड़न का बोलबाला है। हेमंत सरकार ने सारी सीमाएं तोड़ दी हैं। उनके कार्यकाल में महिला उत्पीड़न और रेप के सात हजार मामले दर्ज हुए हैं। सरकार की वादाखिलाफी से राज्य की जनता अपने को ठगा महसूस कर रही है। इस स्थिति में अब झारखंड को परिवर्तन चाहिए। प्रतुल ने कहा कि राज्य में व्याप्त अन्याय, अत्याचार एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध परिवर्तन के लिए झारखंड ने अंगड़ाई ले ली है। इस निमित्त राज्य के सभी प्रमंडलों में भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन यात्रा हेमंत सरकार के लिए राजनीतिक रूप से अंतिम यात्रा साबित होगी। प्रतुल ने कहा कि दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के लिए आयोजित परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ 23 सितंबर को खूंटी से किया जायेगा। बाबा आम्रेश्वर धाम,अंगराबारी में पूजन अर्चन के बाद खूंटी कचहरी मैदान में आयोजित परिवर्तन महासभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने आदिवासियों और मूलवासियों को सत्ता में भागीदारी देने का वादा किया था, लेकिन वे खुद जमीन हड़पने में रह गये और पांच माह की जेल यात्रा कर वापस लौटे। हेमंत सरकार के कार्यकाल में उनके सारे स्वजन माइनिंग लाइसेंस, लैंड लाइसेंस, कृषि लाइसेंस सहित तमाम चीजों से जहां उपकृत हुए। वहीं राज्य के आदिम जनजाति और आदिवासियों की स्थिति बद से बदतर होती गयी और मूलवासी भी पूरी तरह से उपेक्षित रहे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के बारे में दो बातें प्रचलित हैं। पहला जो बातें हेमंत सोरेन कहते हैं, उसे निश्चित ही वे करते नहीं हैं और दूसरा कोई ऐसा सगा नहीं, जिसे हेमंत ने ठगा नहीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय साहू, प्रियांक भगत, जगन्नाथ मुंडा आदि स्थानीय भाजपा नेता भी शामिल थे।




---

**बरकाकाना ट्रिपल मर्डर मामला**

# आरपीएफ जवान की फांसी की सजा को हाइकोर्ट ने 25 साल की कैद में बदला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रामगढ़ जिले के बरकाकाना रेलवे कॉलोनी में घुस कर 17 अगस्त 2019 की रात परिवार के तीन लोगों की गोली मार कर हत्या और दो लोगों को जख्मी करने के मामले में फांसी की सजा पाये अभियुक्त पवन कुमार सिंह की सजा के खिलाफ क्रिमिनल अपील एवं राज्य सरकार द्वारा फांसी को कंफर्म करने वाली याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने फैसला सुनाया है।

हाइकोर्ट की खंडपीठ ने पवन कुमार सिंह की फांसी की सजा के खिलाफ अपील को खारिज कर दिया। साथ ही खंडपीठ ने रामगढ़ की निचली अदालत द्वारा उसे सुनायी गयी फांसी की सजा को 25 साल की कैद में बदल दिया। खंडपीठ ने सरकार की ओर से पवन कुमार सिंह को फांसी की सजा को कंफर्म करने की याचिका को भी खारिज कर दिया।

www.epaper.azadsipahi.in

20 सितंबर, 2024
अश्विन, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 330

स्टैनफोर्ड की दुनिया के शीर्ष दो फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में सोआ के 32 शोधकर्ता के नाम शामिल



### एक को हटाने के लिए सारे पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा में गये

# देखते हैं किसमें कितना दम: हेमंत

- गढ़वा में भाजपा पर जम कर बसरे मुख्यमंत्री

विजय देव

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ये लोग रोज बोलते हैं कि आज सरकार गिरेगी, कल सरकार गिरेगी। आज ये विधायक को चुरा लिया गया, तो आज ये विधायक को भगा लिया गया। पर मजेदार बात यह है कि एक मुख्यमंत्री को हटाने के लिए पूर्व के जितने मुख्यमंत्री हैं, सब भाजपा में चले गये हैं। अब तो इस राज्य के सारे पूर्व मुख्यमंत्री एक तरफ, प्रधानमंत्री भी साथ और एक तरफ हम आदिवासी-दलित-पिछड़ा मुख्यमंत्री। देखते हैं किसकी ताकत कितनी है। हेमंत सोरेन गुरुवार को गढ़वा में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर जम कर निशाना साधा। हेमंत ने कहा कि अब इनको चुनावी बोरा में भर कर जहां से आयेंगे, वहीं वापस भेज देना होगा। हमारे 24 जिला में एक जिला को छोड़ दें, तो राज्य 23 जिला अगल-बगल राज्य से जुड़ता है। ये लोग वोट चोरी करनेवाले लोग अगल बगल राज्य से घुसेंगे।

**आपके आंसू पोंछने पूंजीपतियों की जमात नहीं आयेगी :** हेमंत ने कहा कि देश का सबसे पिछड़ा राज्य है झारखंड। इस राज्य को सदियों से नोचा-खसोटा गया है। कहने को तो इसे सोने की चिड़िया कहा जाता है, लेकिन आज ये राज्य बूंद-बूंद पानी के लिए भी तरसता है। बहुत जल्दी इस राज्य में चुनाव होनेवाला है। यहां व्यापारियों की गिद्ध नजर पड़ चुकी है। कल से ये लोग गिद्ध की तरह पूरे राज्य में मंडरायेंगे। झारखंड का ही नहीं गुजरात, यूपी, छत्तीसगढ़ के लोग भी आपको गांव-गांव में देखने को मिलेंगे। धन बल के दम पर भीड़ इकट्ठा करके, जाति-धर्म का सांप्रदायिक जहर घोलने का काम करेंगे। याद रखियेगा इन पूंजीपतियों के पास आपके आंसू पोंछने के लिए कुछ भी नहीं है। इस राज्य के गरीबों को देने के लिए इनके पास पैसा नहीं है, लेकिन अपने व्यापारी मित्रों का अरबों-अरब रुपया माफ करने के लिए रुपया है।



## अडाणी की बिजली किस देश को भेज रहे?

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी लगातार आप सुन रहे होंगे कि कोई मध्यप्रदेश से, कोई असम से आकर उलुल-जुलूल बोल कर चला जाता है। हिंदू-मुस्लिम करके जाते हैं। बांग्लादेशी घुसपैठी करके जाते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि अगर आप बांग्लादेशी घुसपैठी करते हो, तो अडाणी पावर प्लांट का बिजली किस देश को जाता है, पहले ये बताओ। ये लोग ऐसे लोग हैं कि आपके परिवार में, आपके समाज में बिखराव आ जायेगा। ये लोग इंसान तो छोड़िये भगवान को भी नहीं छोड़ते हैं। इसलिए लोकसभा चुनाव के टाइम जिस तरह से इन लोगों ने सांप्रदायिक माहौल खराब करने की कोशिश की कि देश में भगवान ने भी उनका साथ नहीं दिया और सरकार बनाने के लाले पड़ गये।

## हमारे काम से भाजपा के पेट में दर्द होता

हेमंत सोरेन ने कहा कि हम अच्छे काम करते हैं तो इनके पेट में दर्द होता है। झारखंड का हक अधिकार मांगते हैं, तो जेल में डाल देता है। हमको जेल में डाल दिया था ये लोग। हाइकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट ने इनको लताड़ा कि कोई वजह नहीं है, इसको जेल में रखने का। उन्होंने कहा कि ध्यान रखियेगा गिद्धों का हुजूम आ रहा है। कोई पलामू में उतरेगा, कोई संथाल में उतरेगा। एक तरफ पूंजीपतियों की जमात और दूसरी तरफ गरीब गुरबा, दलित पिछड़ा राज्य। अब ये लड़ाई अमीर और गरीब के बीच होनी है। इन लोगों से सावधान रहिए।

## आपका आशीर्वाद रहा तो कोई कुछ नहीं कर पायेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 साल भाजपा की सरकार ने अलग-अलग तरीके से इस राज्य को लूटा। आज जब झारखंडियों की सरकार बनी है तो सरकार के मंत्रियों को किडनैप कर लो, तोड़ लो, उठा लो, डराओ धमकाओ। सीबीआइ, इडी को दो साल तक हमारे पीछे लगा दिया। जब हम डरे नहीं तो झूठा केस में जेल में डाल दिया। चिंता मत करिए, जब गरीब गुरबा का आशीर्वाद मेरे साथ है, तो कोई मेरा बाल बांका नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि नौकरी को लेकर ये लोग तरह-तरह के आरोप लगाते हैं तो पूछिए इनसे कि 19 साल तक इन लोगों ने क्या किया। जेपीएससी में हमने नियक्तियां कीं, बिना किसी विवाद के। हम नीतियां बनाते हैं तो ये लोग कोर्ट कचहरी करके असंवैधानिक बता देता है, लेकिन अपने राज्य में लागू करता है, तो संवैधानिक हो जाता है।

## आतिशी के साथ नयी कैबिनेट की शपथ 21 सितंबर को

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री चुनी गयीं आतिशी 21 सितंबर को पद की शपथ लेंगी। आतिशी अपनी कैबिनेट के साथ शपथ लेंगी। नये मुख्यमंत्री और नये सदस्यों का कार्यकाल छोटा होगा, क्योंकि मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल फरवरी 2025 तक है। कैबिनेट में मुकेश अहलावत नया चेहरा होंगे। दिल्ली सरकार की कैबिनेट में मुख्यमंत्री समेत सात सदस्य हैं। अरविंद केजरीवाल ने 17 सितंबर को विधायक दल की बैठक में आतिशी के नाम का प्रस्ताव रखा था।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

### रांची में केंद्रीय मंत्री ने इंडी गठबंधन और कांग्रेस पर साधा निशाना

# पाकिस्तान और कांग्रेस पार्टी के सुर ताल एक : शिवराज सिंह

- राष्ट्रपति का भी हवाई अड्डे पर किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को इंडी गठबंधन खास कर कांग्रेस पर पर जमकर निशाना साधा। श्री चौहान ने कहा कि पाकिस्तान और कांग्रेस पार्टी के सुर ताल एक हैं। उनका एक ही विचार है और एक ही एजेंडा है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा है कि कश्मीर में धारा 370 और 35ए मामले में पाकिस्तान कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के साथ खड़ी है। इससे स्पष्ट है कि कश्मीर के चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन को पाकिस्तान साथ दे रहा है। केंद्रीय मंत्री गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद थे। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत भी किया।

**ये आतंकवाद को महिमामंडित करनेवाले लोग हैं:** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन्हीं कारणों से राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी सर्जिकल का विरोध करती है। एयर स्ट्राइक के सबूत मांगती है। सेना की वीरता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अमेरिका, इंग्लैंड और देश के बाहर अन्य देशों में भारत की छवि खराब करते हैं। यही इंडी गठबंधन का सच है। ये आतंकवाद को महिमामंडित करने वाले लोग हैं। जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार और मोदी सरकार में धारा 370और 35ए को फिर से लागू नहीं हो सकता। उन्होंने कहा आतंकवाद पर कड़ा प्रहार हुआ है। आज कश्मीर की जनता भाजपा के साथ खड़ी है।




## राज्य सरकार पर भी निशाना साधा

केंद्रीय मंत्री ने झारखंड सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये बेईमान सरकार है, जिसने भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा की है। नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। पूरे राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण डेमोग्राफी बदली है। संथाल में आदिवासी आबादी घट कर 44%से 28%,हो गयी है। जिस पर हाइकोर्ट ने भी चिंता व्यक्त की है। इसके बाद भी वोट बैंक और तुष्टिकरण के कारण कांग्रेस, झामुमो और राजद की सरकार घुसपैठियों को बसा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की अस्मिता पर सवाल खड़े हो गये हैं। झारखंड का भयावह दृश्य उभर कर सामने आया है। भाजपा की शुक्रवार से शुरू होने वाली परिवर्तन यात्रा पर चौहान ने कहा कि जनता परिवर्तन के लिए तैयार है। परिवर्तन की आंधी में ठगबंधन सरकार उखड़ जायेगी।

# कांग्रेस-एनसी के घोषणापत्र से पाकिस्तान खुश : नरेंद्र मोदी

- प्रधानमंत्री ने कटरा में जनसभा को किया संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जम्मू कश्मीर में दो जनसभाएं कीं। उन्होंने कटरा में कहा कि कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) को लेकर पाकिस्तान में बहुत उत्साह है। वहां इन दोनों पार्टियों की बल्ले-बल्ले हो रही है। इनके घोषणापत्र से पड़ोसी देश बहुत खुश है। ये सब मिल कर जम्मू-कश्मीर में आतंक फैलाना चाहते हैं, लेकिन कोई भी ताकत 370 वापस नहीं ला सकती। वहीं, शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने देश की संसद में कहा है कि जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य का दर्जा दिलायेंगे। भाजपा ही इसे पूरा करेगी। इसलिए मेरी आपसे अपील है कि 25 सितंबर को वोटिंग के सारे रिकॉर्ड टूटने चाहिए।



प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ने इन दोनों पार्टियों कांग्रेस और एमसी का खुल कर समर्थन किया है। उनका कहना है कि आर्टिकल 370 और 35 ए को लेकर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का जो एजेंडा है, वही एजेंडा पाकिस्तान का है। ये वहां के मंत्री बोल रहे हैं। यानी कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान का एजेंडा लागू करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमारी आस्था का अपमान किया। कांग्रेस का शाही परिवार भ्रष्टाचार का जन्मदाता है। कांग्रेस के उत्तराधिकारी ने विदेश जाकर कहा कि हमारे 'देवी-देवता' भगवान नहीं हैं। यह हमारी आस्था का अपमान है। कांग्रेस को इसके लिए दंड देना चाहिए। कांग्रेस मोहब्बत की दुकान लगा कर नफरत का सामान बेच रही है। यह उसकी नीति है।

# विश्वकर्मा मूर्ति विसर्जन के दौरान पथराव, दर्जनों घायल

- बड़कागांव मध्य पंचायत पुलिस छावनी में हुआ तब्दील

पिंटू कुशवाहा

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के बड़कागांव मध्य पंचायत में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति विसर्जन के दौरान दूसरे समुदाय के उपद्रवी तत्वों के द्वारा पत्थरबाजी की गयी। यह पथराव उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय की छत से किया गया। इसके बाद दोनों समुदाय के बीच झड़प हो गयी। यह घटना 18 सितंबर की है। इसके बाद बड़कागांव मध्य पंचायत पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार सिंह ने अहले सुबह पहुंच कर दोनों समुदाय के लोगों से बातचीत कर शांति स्थापित करने की अपील की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़कागांव मध्य पंचायत के ठाकुर मोहल्ला का 18 सिंतबर की रात में विश्वकर्मा भगवान का मूर्ति विसर्जन का जुलूस निकल रहा था। इस दौरान यह घटना घटी। दूसरे दिन 19 सिंतबर को लगभग 11:00 बजे भी पुलिस की मौजूदगी में पत्थरबाजी हुई। एसपी अरविंद कुमार सिंह, एसी संतोष कुमार सिंह समेत पुलिस पदाधिकारियो एवं आम लोगों ने सभी को शांत कराया। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि दोनों समुदाय की ओर से आवेदन दिया गया है। दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करनी पुलिस ने शुरू कर दी है। किसी भी उपद्रवी को बख्शा नहीं जायेगा।

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
National Programme for Control of Blindness


## मोतियाबिन्द

### मोतियाबिन्द के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम



### मोतियाबिन्द के लक्षण

- दृष्टि में धुंधलापन या अस्पष्टता
- बुजुर्गों में निकट दृष्टि दोष में निरंतर बढ़ोतरी
- रंगों को देखने की क्षमता में बदलाव क्योंकि, लेंस एक फिल्टर की तरह काम करता है
- रात में वाहन चलाने में दिक्कत आना
- दिन के समय आँखें चौंधियाना
- दोहरी दृष्टि (डबल विजन)
- चश्मे के नंबर में अचानक बदलाव आना
- उम्र का बढ़ना



### मोतियाबिन्द का उपचार

- मोतियाबिन्द का एक मात्र उपचार ऑपरेशन है।
- इस ऑपरेशन में आँख से धुंधला लेंस निकाल दिया जाता है और कृत्रिम लेंस लगाया जाता है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सुरक्षित एवं सरल है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किसी भी मौसम में करवा सकते हैं।

### मोतियाबिन्द की रोकथाम

- चालीस वर्ष के पश्चात नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं
- अपना वजन सामान्य बनाएं रखें
- रंग–बिरंगे फलों और सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें
- धूम्रपान और शराब का सेवन न करें।

सभी सरकारी अस्पतालों में
नेत्र जाँच एवं उपचार
की निःशुल्क
सुविधा उपलब्ध है

P.R. 335666 (HEALTH MED EDU AND FAMILY WELFARE) 24-25

104
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
108

## नॉर्थ कर्णपुरा प्लांट में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा में हिंदी पखवाड़ा के आयोजन में हिंदी के प्रति जागरूकता और राजभाषा के रूप में इसके प्रयोग के प्रोत्साहन को लेकर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आकाशवाणी हजारीबाग के वरिष्ठ उद्घोषक मनमथ नाथ मिश्र शामिल हुए। वही कार्यक्रम में विशेषकर युवा पीढ़ी, परियोजना स्तर के भारी संख्या कर्मचारीयों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी मोहिनी ने किया। मौके पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री मिश्र, जो वर्ष 1994 से आकाशवाणी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, ने हिंदी के महत्व और इसके प्रचार–प्रसार पर विशेष जोर दिया। इस दौरान क्रमशः अधिकारियों ने शुद्ध हिंदी भाषा का प्रयोग करने की वचन बद्धता दोहराया और शपथ ली। इस मौके पर अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन नीरज रॉय, अपर महाप्रबंधक इलेक्ट्रिकल इरेक्शन राजीव त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक टाउनशिप एडमिनिस्ट्रेशन अजय अग्रवाल, महाप्रबंधक कॉन्ट्रैक्ट एंड मैटेरियल बिज्जा नवीन कुमार ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाया। इस आयोजन का पहल राजभाषा अधिकारी, आशीष सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में किया गया। हिंदी पखवाड़ा के तहत, कर्मचारियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। बेहतर प्रतिभावान प्रतिभागियों को पुरूष्कार से समान्नित किया गया।

## आसन्न विस चुनाव को लेकर बैठक



**कुजू (आजाद सिपाही)।** जदयू कार्यालय, कुजू में आसन्न विस चुनाव को लेकर बैठक की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू और संचालन प्रदेश महासचिव जगदीश महतो ने की। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत पटेल शामिल रहे। बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा पर चर्चा की गयी। साथ ही, कार्यकर्ताओं के बीच प्रचार–प्रसार को लेकर झंडा का वितरण किया। मौके पर काफी संख्या में जदयू कार्यकर्ता शामिल रहे।

## वार्षिक आमसभा का आयोजन



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के अंतर्गत चल रहे आजीविका मिशन के तहत कटैया आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के तत्वावधान में सखी मंडल के दीदी के बीच वार्षिक आम सभा आयोजन किया गया। कटैया पंचायत की मुखिया शारदा देवी, उप प्रमुख राहुल गुप्ता, जेएसएलपीएस से अलका कुमारी बीएपी, पीआरपी ज्योति कुमारी, दिलीप कुमार, तेज नारायण, सीसी, संदीप कुमार। इस संकुल संगठन के अध्यक्ष गुड़िया देवी, सचिव सकुंती देवी, कोषाध्यक्ष लेखपाल दुर्गा कुमारी, सक्रिया महिला अनीता देवी, ज्योति कुमारी, पूनम देवी आदि काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित किया गया और खेल के माध्यम से उन्हें अपनी भूमिका और अधिकार के बारे में समझाया गया। सभी सदस्यों को सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे मिले, उसपर चर्चा किया गया। साथ ही अगामी वर्ष 2024–25 के बजट मांग पर चर्चा की गयी, और बीते वर्ष के लाभ हानि पर भी चर्चा की गयी। साथ बीमा का डमी चेक और आरएफ का डमी चेक भी वितरण किया गया।

## निरंजना नदी को लेकर डीसी ने की बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में निरंजना (फल्गु) नदी के पुनर्युवन के संबंध में नदी के बेसिन क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न तालाबों/जल स्त्रोंतो का जीर्णोद्धार एवं वृहत पैमाने पर वृक्षारोपण के लिए डीपीआर का अंतिम रूप देने के लिए बैठक की गयी। आलोक कुमार श्रीवास्तव, जी डब्लू एम एक्सपर्ट दिल्ली द्वारा निरंजना (फल्गु) नदी के पुनर्युवन से संबंधित तैयार विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) की जानकारी पॉवर ऑफ प्रजेंटेशन के माध्यम से दी गई। इस क्रम में निरंजना (फल्गु) नदी के प्रभावित क्षेत्रों में वनरोपण और सभी प्रकार के जल स्त्रोंतो यथा पुराने तालाब, आहर, कच्चा नहर और अन्य का जीर्णोद्धार से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी। इस क्रम में योजना कार्य का पूर्ण परिचय, महत्व, क्रियान्वयन और इसके कारण होने वाले लाभ की जानकारी विस्तृत रूप से दी गयी। निरंजना (फल्गु) नदी के उद्गम स्थल से लेकर बिहार सीमाना तक निरंजना (फल्गु) नदी का पुनर्युवन और संरक्षण का विस्तृत डीपीआर की भी चर्चा की गयी। समीक्षोपरांत तत्काल प्राक्कलन को स्थानीय सुझाव और वास्तविक कार्यों और प्राक्कलन को भविष्य में शामिल किये जाने की शर्त पर सर्वसम्मति से पारित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पवन कुमार मंडल, राहुल मीना, कृषि पदाधिकारी, लघु सिंचाई के कार्यपालक अभियंता मोहन चंद्र गुप्ता, समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### रामगढ़ पहुंचे राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष

# पिछड़े वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ और नौकरी में प्राथमिकता मिले : योगेंद्र प्रसाद

**संचालित की जाने वाली योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** पिछड़े वर्गों के लोगों की समस्या दूर करने के लिए सरकार ने बेहद महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। इस समाज के लोगों की आवाज प्रशासन और सरकार तक पहुंचाने के लिए राज्य आयोग की टीम रामगढ़ जिले में योजनाओं की समीक्षा कर रही है। इसका उद्देश्य यह है कि पिछड़े वर्गों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। साथ ही नौकरी में भी इन्हें प्राथमिकता मिले। यह बातें गुरुवार रामगढ़ में आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ने कही।

उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले में राज्य सरकार की योजनाएं धरातल पर कार्य कर रही हैं। जिला प्रशासन का कार्य सराहनीय है।



**भू-अर्जन विभाग में पायी गयी है गड़बड़ी**

पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि बैठक के दौरान भू-अर्जन विभाग में कई गड़बड़ियां पायी गयी है। कई ऐसे मामले सामने आये हैं जिसमें गलत तरीके से रकम का भुगतान किया गया है। जमीन का मामला हाई कोर्ट में लंबित है, इसके बावजूद एक पक्ष को भू-अर्जन विभाग के द्वारा भुगतान किया गया है। इस मामले को डीसी चंदन कुमार ने भी काफी गंभीरता से लिया है। उन्होंने भू अर्जन पदाधिकारी को शो-कॉज नोटिस किया है।

इसके बावजूद पिछड़ा आयोग को मिले आवेदन के आधार पर जिला प्रशासन से जवाब मांगा गया है। जिला प्रशासन में कुछ शिकायतों से आधार पर अपना जवाब पेश किया है।

जिन सवालों के संतोषजनक जवाब उपलब्ध नहीं हो पाये हैं, उन पर बेहतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

**दो दिवसीय दौरे पर कई विभागों का होगा स्थल निरीक्षण:** आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि दो दिवसीय दौरे पर टीम रामगढ़ आई है।

यहां कई विभागों के द्वारा संचालित किए जाने वाली योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया जायेगा। मत्स्य विभाग और कृषि विभाग को लेकर कई शिकायतें भी सामने आयी हैं। जिसको लेकर आयोग काफी गंभीर है। विभागीय अधिकारियों से बात की गयी है। साथ ही उन्हें अपनी पूरी योजनाओं की लिस्ट के साथ तैयार रहने को कहा गया है।

## युवक ने की आत्महत्या



कुजू (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत तोपा परियोजना माइनस क्वार्टर पानी टंकी के समीप एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना के बाद कुजू पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में परिजन ने बताया कि मृतक रवि उरांव (30 वर्ष) पिता घीतलू उरांव जीओ ऑफिस में कार्यरत था। चार साल से पेट में बीमारी और मानसिक तनाव में परेशान था। जिसका इलाज चल रहा था। जिससे तंग आकर वह अपने आवास के पंखा में गमछा के सहारे फांसी लगा लिया।

## समाजसेवी अनुग्रह नारायण का निधन

हंटरगंज/ चतरा। प्रखंड के पिंडरा गांव निवासी एवं समाजसेवी अनुग्रह नारायण सिंह की मौत गुरुवार को हृदय गति रुक जाने के कारण हो गई। अनुग्रह नारायण सिंह के मौत पर पूरे प्रखंड में शोक की लहर है। निधन की खबर मिलने के बाद पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, प्राचार्य प्रोफेसर जैनेंद्र कुमार सिंह, समाजसेवी प्रेम सिंह, अरुण कुमार सिंह, आशुतोष कुमार, विजय सिंह सहित काफी संख्या में लोग अनुग्रह नारायण सिंह के घर पहुंचे और उनका अंतिम दर्शन किया।


## शपथ पत्र

शपथ के अनुसार संख्या 14 दिनांक 18.09.2024, मै मनोज कुमार, पिता - सरयु मोदी, धर्म - हिन्दु, राष्ट्रीयता- भारतीय, साकिन ग्राम - बड़कीधमराय, पो0- तिलैया डैम, थाना - जयनगर, जिला - कोडरमा शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ। 1. यह कि मै उपरोक्त पते का स्थानीय निवासी हूं तथा मेरा आधार नं - 4310 0869 1867 है। 2. यह कि 'रोहित कुमार' मेरा पुत्र है जिसका सही जन्म तिथि - 01.09.2009 ई0 है।

3. यह कि मेरा पुत्र का माता का नाम मुन्नी कुमारी है। 4. यह कि मेरा पुत्र प्रिजली विद्यालय तिलैया डैम का छात्र है जिसके विद्यालय के नामंकित पंजी में मेरा पुत्र का नाम रोहित कुमार बर्णवाल एवं माता का नाम मुन्नी देवी दर्ज हो गया है जो गलत है। 5. यह कि विद्यालय के नामांकन पंजी मे मै अपने पुत्र का नाम रोहित कुमार एवं माता का नाम मुन्नी कुमारी अंकित करने वास्ते यह शपथ पत्र बना रहा हुँ 6. यह कि उक्त विवरण सही व सत्य है गलत पाये जाने पर इसका सारा जवाबदेही मेरा होगा।


# झारखंड में भाजपा के लिए 2029 तक कोई वेकैंसी नहीं: योगेंद्र प्रसाद

**रामगढ़ में मीडिया से रुबरू हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता**

बीरु कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** झमुमो के वरिष्ठ नेता योगेंद्र प्रसाद रामगढ़ में गुरुवार को पत्रकारों से से रूबरू हुए। उन्होंने मीडिया के सवालों का जबाव बेबाकी दिया। साथ ही भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने राज्यवासियों से भाजपा के झांसे में नहीं आने की अपील की है। इस दौरान एक तरफ जहां उन्होंने जनता के सवालों पर अधिकारियों से जवाब मांगा। वही उन्होंने राजनीतिक मुद्दों पर बेबाक टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य में काफी काम किया है। हालात ऐसे हो गये हैं कि झारखंड चुनाव में भाजपा के लिए कोई वैकेंसी नहीं है। 2024 का चुनाव हो या 2019 का चुनाव, यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा की ही जीत होगी। उन्होंने गठबंधन की सरकार पर भी काफी बेबाकी से तथ्यों को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस बड़े भाई की भूमिका में था और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने छोटे भाई की भूमिका निभाई थी।



**विस चुनाव में बड़े भाई की भूमिका में रहेगी झमुमो:** अब विधानसभा चुनाव है। यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा बड़े भाई की भूमिका में रहेगा और कांग्रेस छोटे भाई की भूमिका में नजर आयेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर गठबंधन के सभी दलों ने अपनी सहमति भी जता दी है। झारखंड विधानसभा चुनाव को जीतने के लिए पूरी रणनीति बनी है। भाजपा कहीं भी नहीं टिकने वाली है। आम जनता का भरोसा हेमंत सोरेन की सरकार पर है और लोकतंत्र में जनता का भरोसा जीतना बहुत बड़ी बात है।

### जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के आयोजन को लेकर बैठक

# 35 केंद्रों में 10452 अभ्यर्थी होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यता धारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के सफल और कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक किया। इस दौरान बैठक में डीसी ने रामगढ़ जिले में 35 केन्द्रों पर होने वाली जेएसएससी परीक्षा 2023 के लिए प्रतिनियुक्त स्थित दंडाधिकारियों सह ऑब्जर्वर, गस्ती दंडाधिकारी, फ्लाइंग स्क्वाड और सभी केंद्र अधीक्षकों को पूरी पारदर्शिता के साथ निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। डीसी ने परीक्षा के दौरान विधि व्यवस्था, परीक्षा कार्यों में समय का विशेष ध्यान रखने और सभी कार्यों को तय समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने केंद्र अधीक्षकों को परीक्षा के दौरान ध्यान देने योग्य कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी और केंद्र अधीक्षकों की दुविधाओं को दूर किया। डीसी ने सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित रखने, कमरों में सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, परीक्षा के मद्देनजर विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को निर्धारित नियमों के अनुरूप भरने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

**परीक्षा में 10452 अभ्यर्थी होंगे शामिल:** जेएसएससी परीक्षा 2023 के तहत रामगढ़ जिले में 21 एवं 22 सितंबर 2024 को तीन पालियों, प्रथम पाली 8:30 बजे पूर्वाह्न से 10:30 बजे पूर्वाह्न तक, द्वितीय पाली 11:30 बजे पूर्वाह्न से 1:30 बजे अपराह्न तक और तृतीय पाली 3:00 बजे अपराह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक परीक्षा आयोजित होगी।

## नवपल्लव दुर्गा पूजा कमेटी का हुआ गठन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू बस्ती दुर्गा मंडप परिसर में बुधवार की देर शाम ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से नवपल्लव दुर्गा पूजा कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में निशि पांडे, रामधन साहू, मदनलाल गुप्ता और आकाश तिवारी को बतौर संरक्षक चयनित किया गया। वही अध्यक्ष महेंद्र गोप, उपाध्यक्ष सुशील सिंह, मनोज साव व भीम साव, सचिव शशि कुमार शर्मा, सह सचिव अवधेश सिंह, अजीत कुमार सिंह और दिगंबर सिंह, कोषाध्यक्ष महानंद सिंह और सह कोषाध्यक्ष विष्णु गुप्ता को बनाया गया। साथ ही रामकुमार गुप्ता, नरेश साव, दिनेश गुप्ता, नारायण साहू, रवि दत्ता, सोनू कुमार, विनोद सोनी, दिलीप सिंह, जितेंद्र सिंह, घनश्याम ठाकुर, ब्रह्मदेव सिंह, सुमित कुमार साव, प्रभु उरांव, भीम ठाकुर, बसंत ठाकुर, जवाहर स्वर्णकार, प्रदीप सिंह, अंकित कुमार, बजरंगी साव, नरेश गोप, अभिमन्यु सिंह आदि को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया।

### जेएलकेएम नेता सह अधिवक्ता ने किया विभिन्न पंचायतों का दौरा

# आशीर्वाद दें, बेटा बनकर करूंगा सेवा: द्वारिका प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के नेता सह अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद के नेतृत्व में गोला प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का पंचायत कमेटी विस्तार को लेकर विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोगों को संगठन के विचारधारा से अवगत कराया गया। इस दौरान लोगों में काफी रुझान दिखा है। मौके पर द्वारिका प्रसाद ने बताया कि गोला प्रखंड के कुल 21 पंचायत है।



पंचायत का बहुत जल्द पंचायत कमेटी विस्तार और बूथ कमेटी विस्तार किया जायेगा। ताकि विधानसभा चुनाव में हम लोग को किसी भी प्रकार का दिक्कत का सामना न करना पड़े। रामगढ़ विधानसभा में सभी समुदाय के लोगों को जाति समीकरण को देखते हुए 21 पंचायत में पंचायत कमेटी विस्तार, अति शीघ्र किया जायेगा। जेएलकेएम नेता द्वारिका प्रसाद ने कहा कि झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है। इस विधानसभा चुनाव में टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करना हम सबों के लिए एक चुनौती है, इसमें सभी को बढ़-चढ़कर सहयोग करने की जरूरत है तथा कमेटी बनाने में भी सभी लोगों की सहभागिता अति आवश्यक है। क्योंकि यह संगठन गरीब, निम्न, दलित, शोषित, पीड़ित वंचितों के हक अधिकार के लिए हमेशा तत्पर रहती है। मौके पर अशोक चौधरी, प्रभाश प्रकाश सिंह, रमेश कुमार महतो, पंकज महतो, त्रिभुवन महतो, ध्यानचंद महतो, कामदेव महतो, महादेव साव, रामधन महतो के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।


## TENUGHAT MAHAVIDYALAYA, TENUGHAT

AT+P.O.- TENUGHAT (R.B.), DIST-BOKARO (JHARKHAND) PIN-829123
Permanently Affiliated to BBMK University, Dhanbad
Recognised under section 2 (f) & 12 (B) of the UGC Act, 1956
Phone No. : 06549-230594 (O), Mobile No. : 9430769625
E-mail : tenughatcollege@gmail.com, Website: www.tenughatcollege.org

**आवश्यक सूचना**

तेनुघाट महाविद्यालय, तेनुघाट, बोकारो में दानदाता सदस्य के चुनाव हेतु 25,000/- रुपये (पच्चीस हजार रूपये) या उससे अधिक की राशि दान देने वाले इच्छुक दान-दाताओं से दिनांकः- 28/08/2024 एवं 29/08/2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित आवेदन मांगा गया था जिसे अपरिहार्य कारणवश् अगले आदेश तक के लिए निरस्त किया जाता है।

निवेदकः-
सचिव
तेनुघाट महाविद्यालय, तेनुघाट

दिनांकः-18/09/2024

## कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)

Email: - nphussainabad@gmail.com

ज्ञापांक................/ **CRP चयन हेतु आम सूचना** दिनांक....................

दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के कियान्वयन हेतु सामुदायिक संसाधन सेविका के सेवा प्राप्त करने हेतु (संभावित सं0–2) इस आम सूचना के माध्यम से हुसैनाबाद नगर पंचायत अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह के सदस्य जो निम्नवत् अहर्ता रखते हों कार्यालय में दिनांक– 28.09.2024 तक आवेदन जमा कर सकते हैं। उक्त कार्य के विरुद्ध सेवा शुल्क के रुप में सामुदायिक संसाधन सेविका को निदेशालय के द्वारा निर्गत पत्रसं0– 1005, दिनांक– 21.08.2020 मान्य होगा। आवेदन का प्रारुप कार्यालय से ही निर्गत की जायेगी।

- ➢ स्वयं सहायता समूह का सदस्य होना अनिवार्य है।
- ➢ न्यून्तम शैक्षणिक योग्यता– मैट्रिक पास।
- ➢ DAY-NULM योजना का संक्षिप्त जानकारी होना।
- ➢ स्वयं सहायता समूह के पंचसूत्रा व इसके उददेश्य की विस्तृत जानकारी होना।

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 336165 (District)24-25*D

## कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05/2024–25**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में 15वें वित्त आयोग आबद्ध/अनाबद्ध निधि के अंतर्गत प्राप्त आवंटन के तहत् स्वीकृत क्रमांक– 07 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिशद कोडरमा में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 27.09.2024 एवं 28.09.2024 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 30.09.2024 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक0– 30.09.2024 (अपराह्न 04:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद् कार्यालय, जि0ग्रा0वि0शा0 भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जि0ग्रा0वि0शा0 सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | एक्टिविटि क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 89680267 | प्रखण्ड कोडरमा के कोलगरमा आर0ई0ओ0 रोड से वासुदेव सिंह घर तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण | 338700.00 | 7000.00 | 750.00 | 03 माह |
| 02 | 89679781 | प्रखण्ड डोमचांच के कुण्डीधनवार चोण्डी आर0ई0ओ0 रोड चोण्डी तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण | 638600.00 | 13000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 03 | 89679636 | प्रखण्ड डोमचांच कुण्डीधनवार नीमाडीह मदन सिंह होटल के पास चबूतरा निर्माण | 508700.00 | 10500.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 04 | 88394735 | प्रखण्ड डोमचांच के बच्छेडीह लकडाही तालाब में धुलाई घाट निर्माण | 531100.00 | 11000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 05 | 88394369 | प्रखण्ड कोडरमा के बेकोबार उत्तरी के ग्राम बिच्छीपहरी शिव मंदिर से रीतलाल राणा के घर तक नाली निर्माण | 785800.00 | 16000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 06 | 88394312 | प्रखण्ड चंदवारा के थाम पंचायत के ग्राम पुरनाथाम में राजेश यादव घर से देवी मंडप तक पक्का नाला निर्माण | 1244300.00 | 25000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 07 | 88391434 | प्रखण्ड कोडरमा के लरियाडीह ग्राम वृन्दा पहाडी शिवमंदिर से छठ घाट तक 500 फीट पी0सी0सी0 रोड का निर्माण | 825500.00 | 17000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 08 | 88391355 | प्रखण्ड जयनगर के पंचायत तेतरौन ग्राम मतौनी शंभु दास घर अधुरा पी0सी0सी0 से ब्रह्मदेवता तक 300 फीट पी0सी0सी0 निर्माण | 463800.00 | 9500.00 | 750.00 | 03 माह |
| 09 | 88391131 | प्रखण्ड जयनगर के पंचायत योगियाटिल्हा ग्राम प्रतापपुर बराकर नदी श्मशान घाट पर आर0ई0ओ0 रोड से श्मशान घाट शेड तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण | 540700.00 | 11000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 10 | 88389553 | प्रखण्ड मरकच्चो के पंचायत मरकच्चो दक्षिणी के वार्ड नं0 6 के बगल के उमेश तिवारी के घर से अर्जुन तिवारी के घर से ठाकुर आहर तक ढक्कन सहित नाली निर्माण 250 फीट | 538246.00 | 11000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 11 | 88389470 | प्रखण्ड डोमचांच के पंचायत मधुवन के ग्राम सिमरिया में संतोष यादव घर से मिथिलेश मेहता के घर तक 500 फीट नाली निर्माण | 960000.00 | 20000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 12 | 88389430 | प्रखण्ड मरकच्चो के ग्राम पंचायत कादोडीह के ग्राम गगरेसिंघा में उमेश यादव के घर से युनुस मियां के घर तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण ढक्कन संहित 500 फीट | 1133800.00 | 23000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 13 | 88389415 | प्रखण्ड जयनगर के चेहाल पंचायत के अंतर्गत ग्राम डुमरी में रामचंद्र दास घर से लेकर अक्तो नदी तक नाली निर्माण | 785600.00 | 16000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 14 | 88389114 | प्रखण्ड सतगावां के पंचायत कटैया के ग्रमा कटैया में ब्रह्मदेव यादव के घर से राजेन्द्र यादव के घर तक नाली का निर्माण | 327600.00 | 7000.00 | 750.00 | 03 माह |
| 15 | 88385101 | प्रखण्ड सतगावां के पंचायत खुट्टा के ग्राम गाजेडीह में जवाहर महतो के घर से गांगो चौधरी के घर तक नाली निर्माण | 533500.00 | 11000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 16 | 88389230 | प्रखण्ड चंदवारा के 10+2 उच्च विद्यालय जयपुर कांको में शौचालय निर्माण | 750000.00 | 16000.00 | 1250.00 | 03 माह |

निविदा की शर्ते www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 336192 Panchayati Raj (24-25)_D

## कैरो कांग्रेस कमिटी की बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कैरो।** कैरो प्रखंड में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक में विशेष रूप से लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक रविंद्र सिंह खेरवार उपस्थित थें। जिसमें आसन्न विधानसभानी एवं प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद खान की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में विशेष रूप से लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक रविंद्र सिंह खेरवार उपस्थित थें। जिसमें आसन्न विधानसभा चुनाव 2024 के संबंध में विशेष चर्चा करते हुए लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के सभी चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी के बारे में प्रखंड के पदाधिकारी, पंचायत अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष से राय शुमारी एवं विचार विमर्श की गयी। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद जिला सचिव आशीष भगत, मुर्शीद आलम, इंतखाब आलम, जुबेर अंसारी प्रखंड उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, जोरावर खान महासचिव मंगरा उरांव, मोजाहिर अंसारी, युनुस अंसारी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बालूमाथ में चतरा सांसद कालीचरण सिंह का स्वागत समारोह

## आसन्न चुनाव में भाजपा को जिताने का आह्वान

**संतोष सिन्हा**

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियों को आगे बढ़ाते हुए लातेहार विधानसभा क्षेत्र के बालूमाथ मे चंदवा, लातेहार हेरहंज बारियातू और बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र का संयुक्त रूप से क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह का स्वागत अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जहां भाजपा के तीनों प्रखंडो से आये बुथ, पंचायत और प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओ ने 51 किलो का फुल माला से चतर सांसद कालीचरण सिंह और लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह झारखंड प्रदेश



कार्यसमिति सदस्य प्रकाश राम को भव्य रूप से स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं से सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि झारखंड में आगामी विधानसभा निकट मे है चुनाव सभी एकजुट होकर अपने-अपने बूथ से लोगों को जागरुक कर अपने बूथ को जितायें और भारतीय जनता पार्टी के नारे अबकी बार लातेहार विधानसभा से प्रकाश राम को सफल बनायें। मैं 24 घंटे आपके साथ खड़ा है और खड़ा रहेंगे। लेकिन क्षेत्र का विकास के लिए प्रकाश राम को जिता कर विधायक बनायें, झारखंड में भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनी तो मै प्रकाश राम को मंत्री बनाऊगा। वही लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि जीतिया, दिपावली, दशहरा, पर्व मनाने के साथ-साथ आगामी विधानसभा चुनाव निकट मे है अभी से ही सभी बूथ अध्यक्ष, पंचायत और प्रखंड स्तर के कार्यकर्ता और पदाधिकारी सभी एकजुट होकर अपने-अपने कार्य में लग जायें और जितना हो सके उतना लोगों को जागरुक करे। प्रकाश राम ने यह भी कहा कि केंद्र में मोदी के नारे और उनके द्वारा झारखंड प्रदेश में किये जा रहे विकास कार्यों देखते हुए उनके सपनों का झारखंड में भाजपा का बहुत वाली सरकार बनाना है को हम सभी को मिलकर साकार करना है। पूर्व विधायक प्रकाश राम ने यह भी कहा की लातेहार विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं सहित एक एक भाजपा पदाधिकारी का सहयोग रहा तो लातेहार विधानसभा क्षेत्र मे इस बार फिर से कमल खिलेगा।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, नियमित चेकिंग अभियान चलाने का मिला निर्देश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गत बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गयी और विभागों को निदेश दिये गये। परिवहन व पुलिस विभाग को नियमित रूप से हेल्मेट चेकिंग करने, ड्रंक एंड ड्राईविंग,ओवर स्पीडिंग के लिए नियमित चेकिंग अभियान चलाये जाने का निदेश दिया गया। विद्यालयों में किशोर-किशोरियों को नियमित रूप से यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने, विद्यालय प्रबंधन को भी यातायात नियमों की जानकारी दिये जाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करनेवालों से दंड शुल्क लिये जाने आदि निदेश दिये गये। बैठक में हिसरी-बोंगा पथ में टूटे कलवर्ट के कारण हो रही परेशानी, नगर परिषद क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पथों, गुड सेमेरिटन को प्रशस्ति पत्र दिये जाने, खराब पथों आदि पर समाजसेवियों द्वारा ध्यान आकृष्ट कराया गया जिस पर उपायुक्त द्वारा आवश्यक निदेश संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को दिये गये। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, उत्पाद अधीक्षक समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 27 को लोहरदगा आयेंगे योगी आदित्यनाथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा नगर मंडल की बैठक अटल भवन में भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रम 27 सितंबर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम की तैयारियों की परिचर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन लोहरदगा जिला में हो रहा है। इसी को लेकर कार्यकर्ता उत्साहित है। नगर प्रभारी नवीन कुमार टिंकू ने कहा कि लोहरदगा जिले के सभी बुथ की बैठक की जा रही है ताकि आने वाला विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार



राज्य में स्थापित हो। मौके पर जिला महामंत्री संजय अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष, अजय पंकज, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष समेला भगत, जिला मंत्री मीणा बाखला, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, कार्य समिति सदस्य सरोज प्रजापति, संकल्प पत्र नगर संयोजक सत्यम कुमार, जिला पूर्व नेत्री भारती सिंन्हा, जिला मंत्री मिथुन तमेडा, जिला कार्य समिति सदस्य विनोद राय, संजय बर्मन, बिंदिया देवी, सरस्वती देवी आदि उपस्थित थे।

## बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में तालाबंदी की चेतावनी

**एमओ और एजीएम को प्रभार मुक्त करने समेत पांच सूत्री मांग को लेकर सौंपा मांग पत्र**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी व उप प्रमुख बीरेंद्र जायसवाल ने गुरुवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा है कि हमारी पांच सूत्री मांग तीन दिन मे पुरी नही हुई तो प्रखंड सह अंचल कार्यालय मे तला बंदी व आंदोलन की जाएगी।मांग पत्र में मुख्य रूप से एजीएम सर्वेश सिंह व प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार रवि को प्रभार मुक्त करने, पंचायत समिति की बैठक अगले एक सफ्ताह मे सुनिश्चित करने।



जिला परिसद मे समीक्षात्मक बैठक मे अब तक पंचायत समिति की प्रखंड के विभागीय समीक्षात्मक बैठक की कारवाई पंजी उपलब्ध नही हो सका है। उपलब्ध न होने का कारण से अवगत करने।पंचायत स्तर पर हो रही किसी भी सरकारी कार्यक्रम की लिखित सूचना उस क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्य को देना अनिवार्य करने व प्रखंड क्षेत्र के सभी बालू घाटों का आय ब्यय की राशि का सम्पूर्ण विवरण देने का सुनिश्चित करने को लेकर मांग पत्र सौंपा है। अगर मांग तीन दिनों मे पूरी नही हुई तो प्रखंड और अंचल कार्यालय मे ताला बंद की जायेगी। वही मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार, घनश्याम राम, संगीता देवी, आरती देवी, दिलीप कुमार सिंह, सुनीता देवी, मंजू कुमारी, बीना देवी, अनीता देवी, सविता देवी, राज महेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** 20 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस है। इस अवसर पर लोहरदगा जिला में शुक्रवार 20 सितंबर 2024 को 01 वर्ष की उम्र के बच्चों से लेकर 19 वर्ष तक के किशोर/किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा खिलायी जायेगी। जिले के सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में यह दवा खिलायी जायेगी। यदि कोई बच्चे छूट जाते हैं तो पुन: दिनांक 27 सितम्बर 2024 को उन्हें यह दवा खिलायी जायेगी। पेट में कृमि होने के कारण बच्चों में अनेक समस्याएं होती हैं। लोहरदगा जिला में इस अभियान के लिए विद्यालयों में 6-19 वर्ष के कुल 92,176 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों में 53,109 और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 145285 लाभुकों को यह दवा खिलाने के लक्ष्य है।

## प्राथमिक विद्यालय के स्टोर रूम से चावल की चोरी

**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड क्षेत्र स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खरता गांव स्थित में बुधवार की रात स्टोर रूम से 5 पैकेट चावल चोरी हो गयी। विद्यालय प्रधान सुदेश्वर उंराव ने बताया कि हर रोज के भांति बुधवार को विद्यालय के पठन-पाठन का कार्य सम्पन्न होने के बाद सभी शिक्षक अपने-अपने घर चले गये। जब गुरुवार को विद्यालय पहुंचा तो देखा स्टोर रूम में दरवाजा का कुंडी लगा हुआ है, लेकिन ताला गायब है। जब स्टोर रूम को खोला गया तो रूम से कुल 5 पैकेट में 5 पैकेट चावल गायब है। लेकिन दरवाजा में कहीं भी ताला तोड़ने का निशान भी नहीं है। स्टोर रूम का चाभी सनजीविका के पास रहता है घटना को लेकर कैरो थानाध्यक्ष नीरज कुमार झा ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है।

## डीसी और एसपी से मिले केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष लकडा, महामंत्री मिथुन तमेडा एवं समिति के संरक्षकों ने उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं जिला आरक्षी अधीक्षक हारिश बिन जमा से मुलाकात कर दुर्गा पूजा के सफल आयोजन के निमित्त विधि व्यवस्था को लेकर चर्चा की। साथ ही शहरी क्षेत्र में स्थित तालाबों के गंदा होने के कारण पितृपक्ष में लोगों को हो रही कठिनाईयों को लेकर भी चर्चा की।

## चौकीदार नियुक्ति परीक्षा संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जिले में चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु 19 सितंबर 2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराहन 11:30 बजे तक एक पाली में आयोजित लिखित परीक्षा वीक्षकों की निगरानी में कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। चौकीदार पद पर सीधी नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा के लिए कुल 2104 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किया गया था, जिसमें 1936 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए एवं 168 अभ्यार्थी अनुपस्थित पाये गये। लातेहार जिला मुख्यालय में कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

## पोषण जागरूकता रैली का शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** 01 से 30 सितंबर 2024 तक निर्धारित कार्यक्रम पोषण माह के अंतर्गत गुरूवार को पोषण जागरूकता रैली का शुभारंभ मुख्यमंत्री उत्कृष्ट नदिया हिंदू प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान से किया गया। यह रैली मैना बगीचा से होकर




समाहरणालय मैदान परिसर में संपन्न हुई जहां एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में नुक्कड़-नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पोषण, साफ-सफाई एव स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के आयोजन में जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलिन टोप्पो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कोल्हान की खबरें

## चाइबासा में आइइडी ब्लास्ट में जवान घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाइबासा।** झारखंड के चाइबासा में नक्सलियों ने एक बार फिर बड़ी घटना को अंजाम दिया है। गुरुवार की सुबह 7.20 बजे सारंडा जंगल के इलाके में आइइडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एक 209 कोबरा बटालियन का जवान घायल हो गया। इलाज के लिए उसे एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। मामला छोटानागरा थाना क्षेत्र के बाबुडेरा का है। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है।

**नक्सलियों के जंगल में छिपे होने की थी आशंका :** नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान यह घटना हुई है। दरअसल पुलिस को यह सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादियों के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा अपने दस्ते



के सदस्यों के साथ कोल्हान के सारंडा जंगल के क्षेत्र में भ्रमणशील है। इसके बाद सुरक्षा बल के जवानों ने छोटानागरा और जराईकेला के सीमावर्ती वाले जंगल में संयुक्त अभियान चलाया। जंगल में माओवादियों ने नक्सलियों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से पहले ही आइइडी लगा रखा था, जिसकी चपेट में आने से एक जवान घायल हो गया।

**सुरक्षा बलों ने तेज किया अभियान :** घटना के बाद उसे तुरंत एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया। बताया जा रहा है कि नक्सली अब भी जंगल में छिपे हुए हैं। इस वजह से सुरक्षा बलों ने इस अभियान को तेज कर दिया है। अधिकारी पूरी तरह से अलर्ट मोड में हैं। हाल के दिनों में नक्सलियों के खिलाफ कई अभियान चलाये गये है। उनके खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता भी मिली है। जुलाई में ही नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़ हुई थी। जब नक्सलियों का संगठन कमजोर पड़ा तो वे जंगल का फायदा उठा कर भागने में सफल रहे। इस दौरान जवानों को भारी मात्रा में हथियार मिले थे।

## पीएम के जन्मदिन पर भाजयुमो ने लगाया रक्तदान शिविर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिवस के अवसर पर 'सेवा पखवाड़ा' के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा राष्ट्रव्यापी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार को भाजयुमो महानगर अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिस्टुपुर ब्लड बैंक में आयोजित एकदिवसीय महारक्तदान शिविर में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए। इस अवसर पर 193 उत्साही युवाओं ने ₹नर सेवा-नारायण सेवा₹ व



रक्तदान-महादान के आदर्श वाक्यों को चरितार्थ करते हुए मानवता की सेवा में रक्तदान किया। सभी युवा रक्तदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं व्यक्त कीं। साथ ही उनके जन्मदिन को सेवा भाव से मनाया। अथितियों ने रक्तदाताओं को भेंट, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर प्रोत्साहित किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सभी रक्तदाताओं और युवा मोर्चा की सराहना करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक है।

### दिशा की बैठक में शामिल हुए संजय सेठ

## लंबित योजनाओं में सुधार और प्रगति लाने का दिया निर्देश




**आजाद सिपाही संवाददाता**

सरायकेला। सरायकेला खरसावां जिला मुख्यालय में दिशा की बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। गुरुवार को राज्य मंत्री ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक में जिले के विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन का क्रमवार समीक्षा किया। साथ ही पूर्व की बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा पर चर्चा की। बैठक में सिंहभूम सांसद जोबा मांझी, खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा, खरसावां विधायक दशरथ गागराई, जिला परिषद अध्यक्ष शसोनाराम बोदरा, उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लूणायत,उप विकास आयुक्त समेत सभी प्रखंड प्रमुख, मुखिया एवं सभी विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। मौके पर केंद्रीय मंत्री ने विधुत, खाद्य आपूर्ति, पेयजल एवं स्वच्छता, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, केसीसी, शिक्षा, सावस्थ, समाज कल्याण, पथ निर्माण विभाग समेत विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कार्य प्रगति धीमा पाए जाने पर उसमे सुधरात्मक प्रगति लाने तथा योजनाओं को निश्चित समयावधी में पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिए। केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का निपटारा तय समय सीमा के अंदर करें। साथ ही जो गांव और टोले बिजली सेवा से वंचित हैं, वहां बिजली सेवा शुरू करने, जर्जर बिजली खम्भे को बदलने,झूलते तार को यथाशीघ्र दुरुस्त करने, हर-घर जल-नल योजना से सभी गाँव टोला को जोड़ने,खराब जलमिनार को चिन्हित कर मरमत्ती करने तथा प्राकृतिक आपदा के कारण घर गिरने पर लाभुक को चिन्हित कर आवास योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया।

## चंपाई ने ह्वारंग क्षिति के जनक लाको बोदरा को दी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** बड़बिल के आदिवासी कला केंद्र परिसर में वारंग क्षिति लिपि के जनक ओत गुरु लको बोदरा के 106 वीं जयंती मनाया गया। गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री ने ओत गुरु लाको बोदरा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री ने देश के गृह मंत्री अमित शाह की जमकर सराहना की। उन्होंने बताया भारत सरकार आदिवासियों को लेकर गंभीर है।



आदिवासियों के कला- संस्कृति और भाषा को लेकर पिछले दिनों दिल्ली के जंतर मंतर पर 'हो' भाषा को संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल करने की धरना पर गंभीरता पूर्वक संज्ञान लिया है। साथ ही उन्होंने भी पत्र लिखकर इस दिशा में सार्थक पहल करने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने अलग झारखंड राज्य दिया। बीजेपी ही इस राज्य को संवार सकती है।उन्होंने लोगों से भाषा- संस्कृति के लिए एकजुट होकर वैसे लोगों को साथ देने की अपील की। जो आदिवासियों के लिए सोच रही है। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, बबलू सोरेन, चंचल गोस्वामी सहित अन्य मौजूद रहे।


**अनुमण्डल कार्यालय, सिमडेगा**
**(गोपनीय-शाखा)**

**सामान्य आदेश / निषेधाज्ञा**

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 (JGGLCCE-2023) के संचालनार्थ एवं विधि-व्यवस्था संधारणार्थ संयुक्तादेश ज्ञापांक-464(ii)/स्था0, दिनांक-13.09.2024 के अनुसार झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, राँची द्वारा झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023(JGGLCCE-2023) दिनांक 21.09.2024 एवं 22.09.2024 को प्रथम पाली में 08:30 बजे पूर्वाह्न से 10:30 बजे पूर्वाह्न, द्वितीय पाली 11:30 बजे पूर्वाह्न से 01:30 बजे अपराह्न एवं तृतीय पाली 03:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों में संचालित की जाएगी।

1. SIMDEGA COLLEGE SIMDEGA, DIST-SIMDEGA.
2. DISTRICT CM SCHOOL OF EXCELLENCE SIMDEGA (S.S+2 H/S SIMDEGA), DIST-SIMDEGA.
3. S.S GIRLS HIGH SCHOOL, HOCKEY ASTROTURE GROUND SAMTOLI ROAD, SIMDEGA.
4. URSULINE CONVENT SIMDEGA GIRLS HIGH SCHOOL, SAMTOLI, PO-GOTRA, DIST-SIMDEGA.
5. ST. ANNE'S BOYS MIDDLE SCHOOL, SAMTOLI, PO-GOTRA, DIST-SIMDEGA.
6. ST. MARY,S HIGH SCHOOL, SAMTOLI, PO-GOTRA, DIST-SIMDEGA.
7. ST. JOHN,S SCHOOL, ENGLISH MEDIUM, PHARSABERA, PO-KUNTITOLI, SIMDEGA.
8. DAV PUBLIC SCHOOL, TUKUPANI, PO-PANDRIPANI, SIMDEGA.
9. ST.XAVIER,S COLLEGE, PO-GOTRA, SIMDEGA.
10. KGBV CM SCHOOL OF EXCELLENCE SIMDEGA.

झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के संचालनार्थ एवं विधि-व्यवस्था संधारणार्थ संयुक्तादेश ज्ञापांक-464(ii)/स्था0, दिनांक-13.09.2024 के आलोक में दिनांक-21.09.2024 एवं 22.09.2024 को उपरोक्त परीक्षा केन्द्र के चारो ओर 100 मीटर की दूरी तक मैं, सुमन्त तिर्की, (झा0प्र0से0) अनुमण्डल दण्डाधिकारी, सिमडेगा, बि0एन0एस0एस0 की धारा-163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लागू करता हूँ। जिसके अन्तर्गत परीक्षा केन्द्र के आस-पास 100 मीटर की परिधि के भीतर किसी व्यक्ति द्वारा मटरगश्ती करना, लाउडस्पीकर का प्रयोग करना, घातक हथियार लेकर चलना, प्रदर्शन करना, धरना देना, परीक्षा की अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना या नकल कराना, उत्तर पुस्तिका लेकर भाग जाना, उसे नष्ट करना आदि कृत्य संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आते हैं, जो झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम 2001 के संगत धाराओं के अन्तर्गत दण्डनीय है। ऐसे प्रकरणों में जुर्माना एवं सजा दोनों हो सकती है और उनका अभ्यर्थीत्व समाप्त किया जा सकता है। कदाचार में पकड़े गये परीक्षार्थी एवं अभिभावकों के विरूद्ध झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम,2001 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी। यह आदेश कर्त्तव्य पर तैनात कर्मचारियों, पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों पर लागू नहीं रहेगा।

यह निषेधाज्ञा दिनांक-21.09.2024 के प्रातः 6.00 बजे से दिनांक-22.09.2024 को परीक्षा की समाप्ति तक लागू रहेगा।
यह आदेश मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
सिमडेगा

PR 336214 Simdega(24-25).D

## जारी और डुमरी में हेडमास्टरों को छात्रों के मूल्यांकन के लिए मिला प्रशिक्षण




**जारी (आजाद सिपाही)।** गुमला जिले के जारी और डुमरी प्रखंड में स्थित स्कूलों में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पीरामल फाउंडेशन टीम ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। इसके अंतर्गत जारी और डुमरी प्रखंड के सभी स्कूलों के हेडमास्टरों को छात्रों के मूल्यांकन (असेसमेंट) से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड के सभी शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। यह असेसमेंट मुख्य रूप से छात्रों के लर्निंग लेवल (सीखने के स्तर) को समझने के लिए किया जा रहा है, ताकि आगे की रणनीति बनाकर छात्रों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी प्रखंड के जारी हाई स्कूल और डुमरी प्रखंड के टंगरड़ीह मिडिल स्कूल में आयोजित किया गया। आज प्रखंड के सभी विद्यालयों में कक्षा 3,4 और 5 तक के बच्चों का असेसमेंट किया जायेगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि पंचायत के मुखिया वार्ड मेंबर, पीरामल फाउंडेशन गुमला की पूरी टीम उपस्थित रही, साथ ही सभी सीआरपी, बीआरपी और बीपीओ भी इस कार्यक्रम में शामिल थे। यह प्रयास छात्रों के शैक्षणिक स्तर को सुधारने और पंचायत स्तर पर शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

## स्कूल में चोरी के आरोप में दो छात्र गिरफ्तार

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कुरकुरा थाना क्षेत्र के स्कूल में 14 सितंबर की रात्रि चोरी करने वाला स्कूल का छात्र ही निकला चोर। प्राप्त जानकारी के अनुसार करमा पूजा की रात्रि में राजकीय उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय कुरकुरा में चोरी की घटना हुइ, जिसमे मोबाइल का दो हेडफोन तथा ऑफिस में रखे कुछ कागजातों को क्षतिग्रस्त किया गया था। इस घटना को स्कूल के एक छात्र ने अपने सहयोगी जो जनता उच्च विद्यालय जीतूटोली स्कूल का छात्र है साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। वहीं बताया जा रहा है कि राजकीय उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय कुरकुरा का छात्र जो सितंबर माह में ही 11वीं कक्षा में नाम लिखाया है। जिसे कुरकुरा पुलिस ने उद्भेदन कर दो चोरों को गिरफ्तार किया। साथ ही चोरी का सामान भी बरामद किया गया। थाना प्रभारी मनीष पूरती ने बताया कि दोनो चोरी मामले पकड़े गये छात्र नाबालिग है जिसे बाल सुधार गृह भेजा जायेगा।

## रेलवे लाइन पर पत्थर नहीं रखने की हिदायत



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** रेलवे की सुरक्षा को लेकर गुरुवार को कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोकलागेट रेलवे क्रासिंग के समीप आरपीएफ गोविंदपुर के एएसआई धर्मेंद्र कुमार सिंह के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। वहीं रेलवे सुरक्षा बल के एएसआई धर्मेंद्र सिंह ने उपस्थित लोगों से कहा कि रेलवे ट्रैक पर पत्थर न रखें और चलती हुई ट्रेनों पर कभी भी पत्थर न फेंके। चूंकि इससे बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इसके अलावे रेलवे ट्रैक और आसपास मे कभी न बैठे। हमेशा रेलवे ट्रैक से दूरी बनाकर रहें। इससे आप व आपके परिवार पूरी तरह से सुरक्षित रहेंगे। इसके आगे आरपीएफ ने कहा कि रेलवे ट्रैक के आसपास मवेशियों को न चरायें। क्योंकि आये दिन अक्सर शिकायत मिल रही है कि मवेशी की मौत ट्रेन के चपेट में आने से हो गयी। वहीं आरपीएफ के जवानों ने उपस्थित लोगों से कहा कि रेल की संपत्ति आपकी अपनी संपत्ति है। इसकी सुरक्षा करना हम आप सभी का जिम्मेवारी है। वहीं एएसआइ श्री सिंह ने लोगों से अपील किया है कि रेलवे ट्रैक पर पत्थर कभी भी न रखें। यदि इस तरह के कुकृत्य करते हुये पाये गये तो सीधे कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान रेलवे पुलिस बल के जवान आर डी महाथा, बलदेव सिंह सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## डुको पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डुको पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ आशीष कुमार मंडल शामिल हुए। कार्यक्रम के निमित्त प्रखंड, अंचल, बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, मनरेगा, कृषि विभाग सहित कई अन्य विभागों के स्टॉल लगाया गया। जहां ग्रामीणों ने आवश्यकता अनुसार आवेदन भरकर जमा किया। मंईयां सम्मान योजना, अबुवा आवास को लेकर अधिकतर भीड़ भाड़ लोगो की देखी गयी। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करना है। आप सभी ग्रामीण आवश्यकता अनुसार सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ उठायें। सीओ आशीष कुमार मंडल ने कहा कि आप सभी ग्रामीण स्टाल में लगे विभाग से संबंधित योजना और सरकार के महत्वाकांक्षी लाभान्वित योजनाओं को लेकर आवेदन भर कर जमा करें। मौके पर मुखिया पूनम भगत, प्रभारी कृषि पदाधिकारी शंकर खेरवार सहित सहित कई पदाधिकारी कर्मी और ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## मृतका के परिजनों से मिले शिवकुमार



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** पिछले दो दिन की बारिश के दौरान ईचा नवा टोली में घर गिरने से झालो देवी की मौत की खबर अखबारों में छपने के बाद कांग्रेस प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत (टुनटुन), अनिरुद्ध चौबे व पूर्व मुखिया आदित्य भगत पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। वहीं घायल अनीशा को एम्बुलेंस मुहैया करा कर इलाज के लिए गुमला भेज कर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से इलाज कराने की बात कही है। उन्होंने प्रखंड व जिला के अधिकारियों से बात कर मुआवजा के अलावे जो भी लाभ परिजनों को दिया जा सके उसे पर पहल करने की बात कही। आवास योजना के तहत पीड़ित परिवार के लिए पक्का मकान स्वीकृत कराने के लिए पंचायत के मुखिया से आग्रह भी किया है। यहां बता दें कि लगातार 2 दिन की बारिश के दौरान मंगलवार की अहले सुबह जब मां व बच्ची एक साथ जमीन पर सोयी थी। इस दौरान घर का दीवाल गिरा, जिससे दबाकर मां की मौत व बच्ची घायल हो गयी थी।

## बसिया में युवती का शव बरामद

बसिया (आजाद सिपाही)। थानांतर्गत कोनबीर गुडाम डाचूटोली के समीप दक्षिणी कोयल नदी में एक लगभग 19 से 20 वर्षीय अज्ञात युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गया। प्राप्त जानकारी अनुसार जब स्थानीय ग्रामीण प्रतिदिन की भांति नदी किनारे गए तो उन्होंने देखा कि एक शव नदी के झाड़ियां में फंसा हुआ है इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना बसिया पुलिस को दी।

# कांग्रेसी दावेदारों में सिसई विस से चैतू उरांव, गीताश्री और रोशन का नाम दौड़ में सबसे आगे

आफताब अंजुम



चैतु उरांव | रोशन बरवा | गीताश्री उरांव | बॉबी भगत | हेमावती लकड़ा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमेटी गुमला के प्रखंड पर्यवेक्षक जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों के नाम का संकलन करने में जुटे हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि गुरूवार को सिसई विधानसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशियों के लिए पर्यवेक्षकों ने प्रखंड में गोपनीय बैठक भी की। प्रखंड पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से पर्यवेक्षकों ने संभावित प्रत्याशियों के लिए रायशुमारी की थी। अंदर खाने की खबर यह है कि चैतू उरांव और गीताश्री उरांव क्षेत्र के लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। वहीं रोशन बरवा का नाम भी काफी चर्चा में है। इस तरह से यह माना जा रहा है कि अगर सीट शेयरिंग में सिसई विधानसभा क्षेत्र को कांग्रेस के पाले में रखा गया तो संभवत चैतू उरांव, गीताश्री उरांव और रोशन बरवा यही तीन नाम दौड़ में सबसे आगे रहेंगे। हालांकि अभी तक इस बात की दूर-दूर तक आशंका नहीं है कि सिसई विधानसभा क्षेत्र सीट शेयरिंग में कांग्रेस के पाले में आए। लेकिन गुमला जिला के कांग्रेसियों की लगातार बढ़ती हुई मांग को देखते हुए कांग्रेस पार्टी अपनी तैयारी में जुटी है। अगर सीट शेयरिंग में जिला के तीनों में से किसी एक विधानसभा क्षेत्र में भी कांग्रेसियों को मौका मिलता है तो उनका प्रत्याशी कौन होगा, कांग्रेसी इसकी तैयारी अभी से ही कर रहे हैं। कुछ कांग्रेसी तो गुमला विधानसभा क्षेत्र सीट की डिमांड पर अड़े हैं और अपने प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी को अपनी इस मंशा से अवगत भी करा चुके हैं। वहीं सिसई प्रखंड के संभावित उम्मीदवार यह चाहते हैं कि कांग्रेस को सिसई विधानसभा क्षेत्र की सीट मिल जाए। लेकिन राजनीति के पंडित यह भी बताते हैं की कांग्रेस से खाते में बिशुनपुर सीट आने की उम्मीद है। बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में दो एक दिनों के अंदर कांग्रेस के पर्यवेक्षकों की बैठक होने की भी बात चल रही है। इस बैठक में वहां के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी से संभावित प्रत्याशियों के लिए ओपिनियन मांगा जायेगा। सूत्र बताते हैं कि वहां से सात आठ नाम संभावित प्रत्याशियों के लिए आवेदन के रूप में जमा है। लेकिन घाघरा प्रखंड के कुछ लोग यह भी बता रहे हैं कि गुमला के पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवकुमार भगत ने बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से अपनी दावेदारी प्रस्तुत नहीं की है। यह चर्चा कांग्रेसियों के बीच आम है अब शिवकुमार भगत ने अपनी दावेदारी क्यों नहीं पेश की यह एक अलग विषय है। लेकिन जिन लोगों ने अपनी दावेदारी पेश की है उनमें बॉबी भगत, चैतू उरांव, गीताश्री उरांव, हेमलता देवी, सुखदेव टाना भगत, राजू भगत, चंद्रशेखर भगत आदि के नाम लिए जा रहे हैं। तीनों विधानसभा क्षेत्र में अपने दावेदार खड़े कर कांग्रेस पार्टी ने झामुमो के सिटिंग विधायकों की नींद उड़ा दी है। झमूमों के सिटिंग विधायक इस खौफ में हैं कि पता नहीं किसकी कुर्सी चली जाए। कांग्रेसियों के जोश को देखते हुए आम लोगों के बीच यह चर्चा है कि तीनों विधानसभा क्षेत्र में से कोई एक विधानसभा क्षेत्र अवश्य कांग्रेस के पाले में चला जायेगा। लेकिन कुछ कांग्रेसी नाम नहीं बताने के शर्त पर यह कह रहे हैं कि गुमला विधानसभा क्षेत्र की सीट कांग्रेस के खाते में आने की अधिक संभावना है। अब आने वाला दिन ही बतायेगा के गुमला जिले में कांग्रेस को कोई सीट मिल पाता है या नहीं। लेकिन कांग्रेसियों की तैयारी को देखते हुए हवा का रुख किधर जायेगा या कहना मुश्किल हो रहा है।

## नाली निर्माण के लिए डीसी के नाम सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला शहर के वार्ड नंबर 16 स्थित सरहुल नगर के लोगों का जीवन नारकीय बन गया है। पूरे करमटोली क्षेत्र का गंदा पानी बहकर इस मुहल्ले के सड़क पर बहता है। जिसे मुहल्ले वासियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क नाली के दौरान नाली में लगा कंक्रीट का पाइप सरहुल नगर की ओर कर दिया गया है। जिसे करमटोली की ओर से नाली से बहकर



आता गंदा पानी सरहुल नगर के सड़क पर बहता है। पूर्व में क्षेत्र के लोगों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर नाली निर्माण कार्य सही ढंग से करने व सरहुल नगर के समस्या के समाधान की मांग की थी लेकिन उसके बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। कांग्रेस नेता रमेश कुमार चीनी ने मुहल्ले वासियों की परेशानी को देखते हुए जल्द से जल्द नाली निर्माण सहित मुहल्ले की समस्या के समाधान की मांग उपायुक्त से की है। वहीं मुहल्ले में निवास करने वाली पूर्व वार्ड आयुक्त सीता उरांव, बैजनाथ ड्डागत राजू उरांव, कुंवर उरांव, शंकर प्रसाद, विनय उरांव, ललित उरांव ने कहा कि वे इस समस्या के समाधान को लेकर उपायुक्त से मिलेंगे।

## भाकपा ने नौ सूत्री मांगों को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रखंड कमेटी के द्वारा गुरुवार को प्रखंड कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर 9 सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कामरेड जिला सचिव महेंद्र उरांव जिला अध्यक्ष अनिल कुमार असुर भाकपा जिला प्रवक्ता बसंत को मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए महेंद्र उरांव ने कहा कि किसान मजदूर सत्ता की निरंकुशता व प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार कायम है आदिम जनजाति के लोग विकास से कोसों दूर है प्रखंड में बॉक्साइट के उत्खनन होने के बावजूद



यहां के आदिम जनजाति व अन्य जनजाति की आर्थिक शैक्षणिक स्थिति काफी दयनीय है जनप्रतिनिधि व राज्य के मौजूदा सरकार आदिवासियों की खनिज लूटने की खुली छूट दे दी है इधर अनिल असुर ने कहा कि प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा आजादी के बाद आज तक हमारे क्षेत्र में खनिज संपदा रहते हुए यहां के लोग पलायन को विवश हैं यहां विकास की बात करें तो विकास सिर्फ नेता मंत्रियों का हो रहा है और यहां सिर्फ खान खनिज सहित योजनाओं में लूट खसोट कायम है उन्होंने कहा समता जजमेंट लागू नहीं करना सरकार की एक बड़ी साजिश है कार्यक्रम का संचालन अंचल सचिन सुरेंद्र मुंडा ने की। मौके पर सुखदेव उरांव, बॉबी देवी सिकंदर उरांव, बिंदेश्वर भगत विशेश्वर उरांव, रामदेव ब्रिजिया सहित कई लोग मौजूद थे।

## कोनाटोली में तीन महीने से बिजली नहीं, बच्चों की पढ़ाई हो रही बाधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव की टीम ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनोद के नेतृत्व में तेलगांव पंचायत के कोनाटोली गांव का दौरा किया जहां पर ग्रामीणों ने मिशन बदलाव के समक्ष गांव की समस्याओं को रखा विनोद साहू ने बताया कि पिछले तीन महीने से गांव में बिजली नहीं गांव के बच्चे बिजली नहीं रहने के वजह से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं गांव में हमेशा जंगली जानवर सांप विषयों का डर बना हुआ रहता है गांव में शौचालय नहीं होने की वजह से महिलाएं सोच के लिये बाहर नही जाती है बिजली नहीं होने की वजह से हमेशा डर का माहौल बना हुआ है मिशन बदलाव के विनोद साहू ने बताया



आज विद्युत कार्यपालक अभियंता को तीन बार आवेदन दिया जा चुका है लेकिन प्रशासन के काम पर जू तक नहीं रेंगा, इसलिए मिशन बदलाव की टीम इसकी कड़ी आलोचना करते हुए डीसी से मांग करती है कि बिजली वाले मामले पर त्वरित कदम उठाए जिससे कि 3 महीना से जो बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं उनको अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर पढ़ाई सुचारू तरीके से कर सके आज विद्युत कार्यपालक अभियंता से मिलने के क्रम में विनोद साहू ने बताया की बिजली वाले मामलों को दोबारा एक बार अवगत कराया गया है अगर प्रशासन मामलों को गंभीरता से नहीं लिया तो मिशन बदलाव की टीम ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन करेगा


### कार्यालय : उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, रामगढ़

Email : dsramgarhjh@gmail.in

**-: अति-अल्पकालीन निविदा सूचना :-**

**-: संशोधित :-**

विज्ञप्ति संख्या : 01/2024 दिनांक :- 18/09/2024

पूर्व में अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या- 1827, दिनांक-13/09/2024 को संशोधित किया जाता है। सदर अस्पताल, रामगढ़ में दवा एवं उपभोग्य सामग्रियों की आपूर्ति के लिए दर अनुबन्ध में प्रवेश करने के लिए योग्य निविदादाताओं से दर अनुमोदन (Rate Contract) हेतू निविदा दिनांक 27/09/2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | दवा/उपभोग सामग्रियों की आपूर्ति के लिए दर अनुमोदन हेतु (Rate contract) |
| 2 | निविदा प्रकाशित की तिथि | 21/09/2024 |
| 3 | बोली पूर्व निविदा बैठक (Pre bid Meeting) | 23/09/2024 at 03:00 P.M. |
| 4 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 27/09/2024 के अपराह्न 05:00 (Through Registered Post Only ) |
| 5 | निविदा खुलने का समय | 28/09/2024 at 02:30 P.M. |
| 6 | अग्रधन की राशि जो उपाधीक्षक, सदर अस्पताल रामगढ़ के नाम से देय होगा। | 100000.00 (One Lakh Rupees Only) निविदा से संबधित E.M.D.का D.D निविदा के साथ निर्धारित तिथि दिनांक 27/09/2022 के अपराह्न 05 बजे तक कार्यालय में जमा कर देना होगा। तत्पश्चात् निविदा मान्य होगा। |
| 7 | निविदा हेतु आवेदन शुल्क की राशि जो **उपाधीक्षक, सदर अस्पताल रामगढ़** से देय होगा। (नॉन रिफन्डेबल) कार्यालय में हाथों-हाथ जमा कर निविदा (सैंपल) प्राप्त करना होगा। | 1000.00 (One Thousand Rupees) Only. |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | उपाधीक्षक, सदर अस्पताल रामगढ़ |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 7004728675 |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलने समय निविदाकर्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा। निविदा विवरणी रामगढ़ जिले के वेबसाईट http://ramgarh.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

ह०/-
उपाधीक्षक
सदर अस्पताल रामगढ़

PR 335998 District(24-25)#D



### कार्यालय, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 26-सिमरिया(अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र-सह-अनुमण्डल पदाधिकरी, सिमरिया।

(E-mail-sdosimaria-chatra@jharkhandmail.gov.in)

**प्रेस विज्ञप्ति :**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा का आदेश ज्ञापांक-2084/जि0 निर्वा0, दिनांक-13.09.2024 एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक-4997, दिनांक-09.09.2024 के द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में EVMs & VVPAT के माध्यम से प्रचार-प्रसार/जागरूकता हेतु 26-सिमरिया (अ0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत अनुमण्डल कार्यालय, सिमरिया में EVM Demonstration Center (EDC) बनाया गया है, जो दिनांक- 18.09.2024 से विधानसभा आम चुनाव-2024 की घोषणा तक कार्यरत रहेगा।

26-सिमरिया (अ0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केन्द, शिक्षण संस्थान/हाट-बाजार इत्यादि स्थलों पर EVM & VVPAT के माध्यम से प्रचार-प्रसार/जागरूकता कार्यक्रम का संचालन Mobile Demonstration VAN के माध्यम से किया जाना है। उक्त जागरूकता कार्यक्रम दिनांक-18.09.2024 से 07.10.2024 तक संचालित रहेगा।

निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,
26-सिमरिया(अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र
-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी,सिमरिया।

PR 336004 Election (24-25)D



### कार्यालय:- जिला अभियंता, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आंमत्रण सूचना**

ई0-संख्या- ZP/LATEHAR- 28/2024-25

1. कार्य का नाम :-

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत भूसुर ग्राम जालिमकला में जोभिया आंगनबाडी केन्द्र से जालिम सरना स्थल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 54,37,100 | 1,09,000 | 10,000 | 04 माह | 01/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 2 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत हेठपोचरा ग्राम पोचरा में प्रमोद महाराज के घर से केलहारी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 78,98,300 | 1,58,000 | 10,000 | 04 माह | 02/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 3 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत भुसूर ग्राम भुसूर टोला केन्दवाही तीन मुहान से जालिम बाजार टांड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 62,15,600 | 1,24,500 | 10,000 | 04 माह | 03/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 4 | प्रखण्ड बारियातु पंचायत डाढा ग्राम पुकचू टोला करमाही में बोंगट नाला में 03 स्पेन पुलिया निर्माण। | 72,25,400 | 1,45,000 | 10,0000 | 06 माह | 04/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:- 23.09.2024
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:-28.09.2024, 5.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- 30.09.2024 अपराहन 02:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई-निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश संख्या- **6205276661**
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
12. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
13. उक्त निविदा में RWD/ जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार

PR 336140 Rural Development (24-25)_D



### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG

**e-Procurement Cell**

**Very Short e-Procurement Notice**

**Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 21/2024-25 Date:-18-09-2024**

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Boundary Wall UPV Ber Tola Chepakhurd Panchayat Darikalan Block Barkagaon Hazaribag | 1667600/- | 34000/- | 5000/- | 3 Month |
| 2 | Construction of Boundary Wall Primary School Shohadi Panchayat Talaswar Block Barkagaon Hazaribag | 1468700/- | 30000/- | 2500/- | 3 Month |
| 3 | Construction of Boundary Wall Primary School Chelengdag Panchayat Ango Block Barkagaon Hazaribag | 1866500/- | 38000/- | 5000/- | 3 Month |
| 4 | Construction of Boundary Wall Primary School Singarsas Panchayat Ango Block Barkagaon Hazaribag | 2224500/- | 45000/- | 5000/- | 3 Month |
| 5 | Construction of Boundary Wall UMV Mahugaikhurd Panchayat Chandol Block Barkagaon Hazaribag | 1932800/- | 39000/- | 5000/- | 3 Month |
| 6 | Renovation work for Primary School Hindi Kanya School Badam Block Barkagaon, Hazaribag | 2434400/- | 49000/- | 5000/- | 3 Month |
| 7 | Renovation work for UPV Rohangarha,Urimari Block Barkagaon, Hazaribag | 2174900/- | 44000/- | 5000/- | 3 Month |
| 8 | Construction of Toilet Block in Utkramit Madhya Vidyalaya, Bhadaikhap (Part-02)Block-Keredari, District-Hazaribagh | 641200/- | 13000/- | 1250/- | 2 Month |
| 9 | Construction of Toilet Block inUtkramit Ucch Vidyalaya, Hendegir, (Part-02) Block-Keredari, District- Hazaribag. | 641200/- | 13000/- | 1250/- | 2 Month |
| 10 | Construction of Toilet Block in Rajkiya Utkramit Madhya Vidyalaya, Manatu (Part-02) ,Block-Keredari, District- Hazaribag. | 641200/- | 13000/- | 1250/- | 2 Month |
| 11 | Construction of Toilet Block Utkramit Madhya Vidyalaya, Pahra,(Part-02) Block-Keredari, District- Hazaribag | 641200/- | 13000/- | 1250/- | 2 Month |
| 12 | Deep Boring (200 x 150 mm dia ) & Installation of 1.5 H.P. Submersible Pump in Madhya Vidyalaya, Pagar, Block-Keredari, District- Hazaribagh | 327950/- | 7000/- | 750/- | 1 Month |
| 13 | Construction of Kitchen Cum Store in Utkramit Madhya Vidyalaya ,Kanki, Block- Dari, District- Hazaribag | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 4 Month |
| 14 | Construction of Kitchen Cum Store in Nav Prathmik Vidyalaya , Jara Tand, Block- Dari, District- Hazaribag | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 4 Month |
| 15 | Renovation work for HSC Pachra, Block -Keredari, Hazaribag for the year of 2024-25 | 2475000/- | 50000/- | 5000/- | 3 Month |
| 16 | Installation of High Mast Light in the Campus of PHC Huwai , Dari, Hazaribag. | 978100/- | 20000/- | 1250/- | 2 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 23-09-2024 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 29-09-2024 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | **06546-225723** |

Further details and subsequent amendments can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag**

PR 336123 Building(24-25).D

# कश्मीर में नयी शुरुआत

जम्मू-कश्मीर के सात जिलों की 24 विधानसभा सीटों पर बुधवार को हुई पहले चरण की वोटिंग को आधार बनाया जाए तो ये चुनाव कई मायनों में ऐतिहासिक कहे जा सकते हैं। शांति, सुव्यवस्था और लोगों की भागीदारी की दृष्टि से ये चुनाव उन तमाम नैरेटिव के लिए पूर्णविराम साबित हो सकते हैं, जो बाहरी शक्तियां कश्मीर को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चलाती रहती हैं। जम्मू-कश्मीर में पिछले एक दशक में यह पहला विधानसभा चुनाव है। ये दस साल जम्मू-कश्मीर के लिए इस मायने में भी खास रहे कि इस दौरान न केवल संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत उसे हासिल विशेष दर्जा समाप्त कर दिया गया, बल्कि वह राज्य से केंद्रशासित क्षेत्र में तब्दील हो गया। स्वाभाविक रूप से इन बड़े कदमों को लेकर वहां के लोगों की राय बंटी हुई है और कुछ हलकों में इसे लेकर गहरा असंतोष भी है। ध्यान देने वाली बात यह है कि इस असंतोष ने भी लोगों को चुनाव प्रक्रिया से जोड़ने में अहम भूमिका निभायी है। इन चुनावों में अनुच्छेद 370 की वापसी और राज्य का दर्जा प्रमुख मुद्दों के रूप में सामने आए हैं। रोजगार एक और बड़ा मुद्दा बन कर उभरा है, लेकिन लोगों की इन भावनाओं को देश के अन्य हिस्सों में मतदाताओं की आकांक्षाओं और उनके असंतोष से अलग नहीं कहा जा सकता। पिछले तीन-चार दशकों के अनुभव की रोशनी में देखें तो यह बड़ा महत्वपूर्ण फर्क है। चुनावों के बहिष्कार की अपीलों, धमकियों और चेतावनियों के बीच लोगों के ऐसे ही असंतोष अलगाववाद और उग्रवाद के समर्थन में इस्तेमाल कर लिए जाते थे। इस बार मतदाताओं की लंबी कतारों ने ऐसी गुंजाइश नहीं रहने दी। इसी साल हुए लोकसभा चुनाव के वोटिंग आंकड़ों का पीछे छूटना बेहद अहम है। लोकसभा चुनावों में 58.46 फीसदी वोटिंग हुई थी जो पिछले 35 साल का रेकॉर्ड था। सबसे बड़ी बात यह कि ये चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण रहे। इसका श्रेय सुरक्षा बलों और प्रशासनिक तंत्र को देना पड़ेगा। जहां तक बात आतंकवाद के आकाओं की है, तो उनकी तरफ से तो इन चुनावों को बाधित करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी गयी थी। चुनाव की घोषणा होने के बाद न केवल सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशें बढ़ीं, बल्कि आतंकी हमलों के भी काफी प्रयास हुए। मगर आतंकी तत्व आम लोगों की सोच को बदलने में कामयाब नहीं हो सके। यह चुनाव जम्मू-कश्मीर की आतंकवाद से मुक्ति का निर्णायक बिंदु साबित हो तो आश्चर्य नहीं।

**जम्मू-कश्मीर में पिछले एक दशक में यह पहला विधानसभा चुनाव है। ये दस साल जम्मू-कश्मीर के लिए इस मायने में भी खास रहे कि इस दौरान न केवल संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत उसे हासिल विशेष दर्जा समाप्त कर दिया गया, बल्कि वह राज्य से केंद्रशासित क्षेत्र में तब्दील हो गया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**बीजिंग स्थित एक कार्यकारी ने उच्च जोखिम वाली स्टार्ट-अप कंपनियों में निजी निवेश के कारोबार का जिक्र करते हुए कहा, अमेरिका के बाद चीन दुनिया में सबसे अच्छा वीसी गंतव्य हुआ करता था। संस्थापकों और निवेशकों को कोविड 19 महामारी से पहले के गौरवशाली वर्षों में वापसी की बहुत कम उम्मीद है, जब अलीबाबा और टेनसैंट जैसी कंपनियां तेजी से आर्थिक विकास और मोबाइल इंटरनेट के उदय का लाभ उठाकर वैश्विक रूप से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी कंपनियां बन गयी थीं।**

# चीन ने कैसे अपने निजी क्षेत्र का गला घोंट दिया

**एलेनोर ओल्कोट और वांग जुएकियाओ**

मानव शरीर के बारे में जानकारी बढ़ाने के लिए समर्पित एक जगह के लिए, शंघाई के पश्चिम में सूजौ में एक विज्ञान पार्क बायोबे में वास्तविक जीवन के बहुत कम संकेत हैं।

बायोटैक और फार्मास्युटिकल स्टार्ट-अप वाले 5 मंजिला टॉवर में, इमारत की गहरायी में एक ही आवाज सुनायी देती है, एक जनरेटर की आवाज। इसके कई किरायेदार या तो चले गये हैं या बंद हो गये हैं और इस क्षेत्र में फंडिंग की कमी का मतलब है कि कई कार्यालय खाली पड़े हैं।

अवसरवादी डीलर मलेशिया या इंडोनेशिया में बेचने के लिए सस्ते कम्प्यूटर और प्रयोगशाला उपकरण खरीदने के लिए उभरे और अपने व्यवसाय कार्ड इधर-उधर बिखेर दिए। कई कार्यालय धूल से सने हुए हैं। बायोबे ने कहा कि वह खाली जगहों को नयी कंपनियों को उप-पट्टे पर देने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन राज्य द्वारा संचालित पार्क की बेजान स्थिति, जिसे कभी अत्याधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में चीन की प्रगति का एक शानदार उदाहरण माना जाता था, देश के उद्यम पूंजी उद्योग में एक व्यापक प्रवृत्ति को दर्शाती है।

बीजिंग स्थित एक कार्यकारी ने उच्च जोखिम वाली स्टार्ट-अप कंपनियों में निजी निवेश के कारोबार का जिक्र करते हुए कहा, अमेरिका के बाद चीन दुनिया में सबसे अच्छा वीसी गंतव्य हुआ करता था। संस्थापकों और निवेशकों को कोविड 19 महामारी से पहले के गौरवशाली वर्षों में वापसी की बहुत कम उम्मीद है, जब अलीबाबा और टेनसैंट जैसी कंपनियां तेजी से आर्थिक विकास और मोबाइल इंटरनेट के उदय का लाभ उठा कर वैश्विक रूप से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी कंपनियां बन गयी थीं। कार्यकारी ने आगे कहा, पूरा उद्योग हमारी आंखों के सामने ही खत्म हो गया है।

**डाटा प्रदाता आइटी जूजी के अनुसार 2018 में जब वीसी निवेश अपने चरम पर था, चीन में 51,302 स्टार्ट-अप स्थापित किये गये थे।**

उद्यमी भावना खत्म हो गयी है। यह देखना बहुत दुखद है। आंकड़ों में भी निराशा का भाव झलकता है। डाटा प्रदाता आइटी जूजी के अनुसार, 2018 में, जब वीसी निवेश अपने चरम पर था, चीन में 51,302 स्टार्ट-अप स्थापित किये गये थे। 2023 तक, यह आंकड़ा गिर कर 1,202 पर आ गया और इस साल और भी कम होने की संभावना है।

लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में एसोसिएट प्रोफ़ेसर केयू जिन का कहना है कि उद्योग चीन की उद्यमशीलता की गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने चेतावनी दी, वैश्विक निवेश का बहिर्वाह और चीनी कंपनियों के मूल्यांकन में भारी गिरावट देश के नवाचार अभियान को प्रभावित करेगी।

इस क्षेत्र में संकट आंशिक रूप से चीनी अर्थव्यवस्था में मंदी को दर्शाता है, जो लंबे समय तक चले कोविड-19 लॉकडाऊन के कारण प्रॉपर्टी बबल के फटने और इसके इक्विटी बाजारों में ठहराव से प्रभावित हुई है। जैसे-जैसे द्विपक्षीय तनाव बढ़ा है, अमेरिका स्थित निवेशक भी बड़े पैमाने पर बाहर निकल गये हैं। लेकिन यह राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा लिए गये राजनीतिक निर्णयों का प्रत्यक्ष परिणाम भी है, जिसने चीन में निजी व्यवसाय के लिए माहौल को नाटकीय रूप से बदल दिया है, जिसमें एकाधिकारवादी या कम्युनिस्ट पार्टी के मूल्यों के अनुरूप न होने वाली प्रौद्योगिकी कंपनियों पर कार्रवाई और भ्रष्टाचार विरोधी अभियान शामिल है, जो व्यवसाय समुदाय में व्याप्त है।



अलीबाबा के जैक मा और टेनसैंट के पोनी मा जैसे संस्थापकों ने चीनी उद्यमियों की एक पीढ़ी को प्रेरित किया, जो अपनी कंपनियों को सार्वजनिक करके एक बड़ा भाग्य बनाना चाहते थे। 020 की अंतिम तिमाही तक, दोनों कंपनियों की कीमत संयुक्त रूप से $1.5 ट्रिलियन थी। नवंबर 2020 में यह सपना उस समय टूटना शुरू हो गया, जब बीजिंग ने अलीबाबा से अलग होकर बनी एक फिनटेक कंपनी एंट ग्रुप के आइपीओ को रद्द कर दिया।

अलीबाबा के जैक मा और टेनसैंट के पोनी मा जैसे संस्थापकों ने चीनी उद्यमियों की एक पीढ़ी को प्रेरित किया, जो अपनी कंपनियों को सार्वजनिक करके एक बड़ा भाग्य बनाना चाहते थे।

2020 की अंतिम तिमाही तक, दोनों कंपनियों की कीमत संयुक्त रूप से $1.5 ट्रिलियन थी। नवंबर 2020 में यह सपना उस समय टूटना शुरू हो गया, जब बीजिंग ने अलीबाबा से अलग होकर बनी एक फिनटेक कंपनी एंट ग्रुप के आइपीओ को रद्द कर दिया। जैक मा को अधिकारियों ने पर्यवेक्षी साक्षात्कार के लिए बुलाया, जिससे प्रौद्योगिकी क्षेत्र पर व्यापक कार्रवाई शुरू हुई, जिसने चीन में निवेश की अप्रत्याशितता को रेखांकित किया। तब से, जोखिम लेने वाले उद्यमियों की एक पीढ़ी को प्रेरित करने वाला आशावाद व्यवस्थित रूप से खत्म हो गया है। शंघाई में एक सीरियल संस्थापक कहते हैं, कंपनी शुरू करने का कोई अच्छा कारण नहीं है। हमें जोखिम क्यों उठाना चाहिए? हमने 5 साल तक स्टार्ट-अप खो दिये हैं।

कई स्टार्ट-अप कंपनियों ने निवेशकों को इस आधार पर हिस्सेदारी बेची कि अगर वे शेयर बाजार में सूचीबद्ध नहीं हुए या किसी निश्चित तिथि तक अधिग्रहित नहीं हुए तो वे उन शेयरों को वापस खरीद लेंगे, लेकिन विफलताओं की एक लहर ने वीसी फर्मों को अदालतों के माध्यम से अपनी दिवालिया निवेशित कंपनियों से संपत्ति वापस लेने की कोशिश करने के लिए प्रेरित किया है। चीनी व्यापार प्रकाशन कैक्सिन ने अगस्त में बताया कि देश के प्रमुख सरकारी स्वामित्व वाली वीसी, शेन्जेन कैपिटल ग्रुप ने 2023 से 41 मुकद्दमे दायर किये हैं, जिनमें से 35 उन कंपनियों के खिलाफ थे, जो एक निर्धारित तिथि तक सार्वजनिक होने में विफल रहीं और शेयरों को पुनर्खरीद नहीं किया।

शंघाई में स्थित एक अन्य कार्यकारी ने कहा, यह उद्योग 10,000 पाऊंड का गोरिल्ला हुआ करता था। अब हम चिम्पांजी के आकार तक सिमट रहे हैं। इस तरह चीन ने अपने निजी क्षेत्र का गला घोंट रखा है।

## देश-विदेश की खबरें

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर केवीआइसी अध्यक्ष ने खादी कारीगरों को दिया तोहफा

# 2 अक्टूबर से कत्तिनों का 25 प्रतिशत और बुनकरों का 7 प्रतिशत पारिश्रमिक बढ़ेगी

- केवीआइसी की सिलाई समृद्धि योजना का शुभारंभ, रजिस्ट्रेशन शुरू
- दिल्ली एयरपोर्ट पर लगे स्मारक चरखे की तर्ज पर केवीआइसी ने पोरबंदर के अस्मावती रिवरफ्रंट पर स्मारक चरखे का आनवरण किया
- देशभर में 3,911 लाभार्थियों के खाते में 101 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी का वितरण, 43,021 नये लोगों को मिला रोजगार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अध्यक्ष मनोज कुमारने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और मोदी सरकार 3.0 के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर पूज्य बापू की जन्मस्थली पोरबंदरके अस्मावती रिवरफ्रंट पर आयोजित एक कार्यक्रम में लाखों खादी कारीगरों को बड़ा तोहफा दिया। चरखे पर सूत कातने वाली कत्तिनों की पारिश्रमिक में 25 प्रतिशत और बुनकरों की पारिश्रमिक में 7 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की गयी है। बढ़ी हुई पारिश्रमिक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर से लागू होगी। इस अवसर पर अस्मावती रिवरफ्रंट पर लगाये गये 26 फीट लंबे और 13 फीट चौड़े स्टेनलेस स्टील के स्मारक चरखे का भी अनावरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष केवीआइसी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत 3911 लाभार्थियों के खाते में 101 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी का वितरण और 1100 नयी पीएमइजीपी इकाइयों का भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया।

मनोज कुमार ने बताया कि उनके कार्यकाल में दूसरी बार कत्तिनों और बुनकर की पारिश्रमिक बढ़ाई गयी है। 2 अक्टूबर 2024 से सूत कातनेवाली कत्तिनों को प्रति लच्छा 10 रुपये की जगह 12.50 रुपये का मेहनताना मिलेगा। इससे पहले 1 अप्रैल 2023 को7.50 रुपये से बढ़ाकर इसे 10 रुपये प्रति लच्छा किया गया था।

उन्होंने आगे कहा कि खादी का कारोबार पिछले वित्त वर्ष में 1 लाख 55 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। प्रधानमंत्री के दृष्टकोण के अनुरूरइसका लाभ खादी परिवार के कारीगरों तक पहुंचाने के लिए आयोग ने पारिश्रमिक बढ़ाने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम के दौरान पीएमइजीपी के अंतर्गत देशभर के 3911 लाभार्थियों के खाते में 101 करोड़ रुपये मार्जिन मनी (सब्सिडी) का भी वितरण किया गया। इसके माध्यम से 43,021 नये रोजगार का सृजन हुआ है। साथ ही देशभर में स्थापित 1100 नयी पीएमइजीपी इकाइयों का भी शुभारंभ अध्यक्ष केवीआइसी के करकमलों द्वारा किया गया। इस दौरान केवीआईसी ने करीब 24 हजार करोड़ रुपये की मार्जिन मनी का वितरण किया है। उन्होंने आगे कहा कि खादी और ग्रामोद्योग के माध्यम से पिछले वित्तवर्ष में 10.17 लाख नये रोजगार का सृजन हुआ है।

### प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्ययन पत्र का निष्कर्ष

# ओड़िशा का शानदार प्रदर्शन, बंगाल में गिरावट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (इएसी-पीएम) के एक अध्ययन पत्र में कहा गया है कि पिछले कई दशकों से अन्य राज्यों की तुलना में पश्चिम बंगाल के आर्थिक प्रदर्शन में लगातार गिरावट देखने को मिली है। इएसी-पीएम के सदस्य संजीव सान्याल की लिखी इस रिपोर्ट के मुताबिक देश के पूर्वी हिस्से का विकास अब भी चिंता का सबब बना हुआ है। 'भारतीय राज्यों का सापेक्षिक आर्थिक प्रदर्शनः 1960-61 से 2023-24' शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि पश्चिम बंगाल को छोड़कर देश के तमाम तटवर्ती राज्यों ने स्पष्ट रूप से अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। हालांकि पिछले दो दशकों में बिहार की सापेक्षिक आर्थिक स्थिति स्थिर हुई है, लेकिन यह अन्य राज्यों से अब भी काफी पीछे है। इसे विकास के पैमाने पर एक मुकाम हासिल करने के लिए बहुत तीव्र वृद्धि की जरूरत है। इसके उलट परंपरागत तौर पर पिछड़ा राज्य रहे ओड़िशा ने हाल के वर्षों में वृद्धि के पैमाने पर उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 1960-61 में 10.5 प्रतिशत के साथ राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तीसरा सबसे बड़ा हिस्सा रखने वाले पश्चिम बंगाल की वित्त वर्ष 2023-24 में केवल 5.6 प्रतिशत हिस्सेदारी रह गयी। इस समूचे कालखंड में इसके आर्थिक प्रदर्शन में लगातार गिरावट देखी गयी है। शोधपत्र के मुताबिक पश्चिम बंगाल की प्रति व्यक्ति आय 1960-61 में राष्ट्रीय औसत से अधिक 127.5 प्रतिशत थी, लेकिन बाद में इसकी वृद्धि राष्ट्रीय रुझानों के साथ तालमेल बिठा पाने में नाकाम रही। इसका नतीजा यह निकला कि पश्चिम बंगाल की सापेक्षिक प्रति व्यक्ति आय 2023-24 में घटकर 83.7 प्रतिशत रह गयी। यह राजस्थान और ओड़िशा जैसे पिछड़े राज्यों से भी कम है।

रिपोर्ट कहती है कि देश के पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्रों ने 1960-61 से 2023-24 के दौरान अन्य क्षेत्रों के मुकाबले कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है। खासकर 1991 में आर्थिक उदारीकरण प्रक्रिया शुरू होने के बाद दक्षिणी राज्यों ने अन्य राज्यों को काफी पीछे छोड़ दिया है। दक्षिण के पांच राज्यों- कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु की 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में सामूहिक रूप से लगभग 30 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। इसके अलावा, 1991 के बाद सभी दक्षिणी राज्यों की प्रति व्यक्ति आय भी राष्ट्रीय औसत से अधिक हो गयी। शोधपत्र कहता है कि उत्तर भारत में भी दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्यों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। अध्ययन अवधि के दौरान दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय सबसे अधिक रही।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की यह रिपोर्ट कहती है कि महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु 1960 के दशक में भारत के तीन अग्रणी औद्योगिक केंद्र थे। लेकिन बाद में इन तीनों की किस्मत अलग होती गयी। महाराष्ट्र ने पूरे समय मोटे तौर पर स्थिर प्रदर्शन दिखाया जबकि पश्चिम बंगाल की हिस्सेदारी लगातार घट रही है। वहीं तमिलनाडु ने कुछ समय तक गिरावट के बाद उदारीकरण से दोबारा रफ्तार पकड़ ली है। इस अध्ययन में इस्तेमाल किये गये सभी आंकड़े मौजूदा कीमतों पर आधारित हैं। इन आंकड़ों का विश्लेषण 1960-61 से 2023-24 की अवधि तक विस्तारित है।

### केंद्रीय मंत्री ने 100 दिन में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लिए किये गये महत्वपूर्ण निर्णयों और उपलब्धियों दी जानकारी

# 25 लाख से अधिक नये किसानों को पीएम-किसान योजना से जोड़ा गयाः शिवराज सिंह चौहान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में 100 दिन में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लिए किये गये महत्वपूर्ण निर्णयों और उपलब्धियों के उपलक्ष्य में प्रेसवार्ता कर मीडिया को जानकारी दी।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और हमारे जीवन का आधार भी है। 140 करोड़ देशवासियों को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराना यह सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। किसान कृषि की आत्मा है और उसके प्राण भी हैं। इसलिए किसान कल्याण और कृषि के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 100 दिनों में जो लालकिले के प्राचीर से प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि तीसरे कार्यकाल में पहले से तीन गुणा काम करूंगा। कृषि विभाग के सभी अधिकारियों ने मेरे सहित यह संकल्प लिया था कि प्रधानमंत्री ही अकेले काम क्यों करें हम सब मिल कर काम करेंगे। पहले सौ दिनों में हमने यह प्रयत्न किया है। किसान कल्याण और कृषि के विकास की हमारी छह सूत्रीय रणनीति है।

श्री चौहान ने कहा कि पहला - उत्पादन बढ़ाना, प्रति हेक्टेयर पैदावार कैसे बढ़े? पिछले दिनों किए गए फैसलों में प्रमुख फैसला था, फसल का उत्पादन बढ़ाने के लिए 65 फसलों की 109 प्रजातियों के नए बीज प्रधानमंत्री ने किसानों को समर्पित किए थे जोकि जलवायु अनुकूल, कीट प्रतिरोधी और अधिक उपज वाली हैं।

दूसरा - उत्पादन की लागत को घटाना, जितना जरूरी उत्पादन बढ़ाना है उतना ही जरूरी है कि उत्पादन की लागत में कमी कैसे आए इसका एक तरीका है कि किसानों को सस्ता फर्टिलाइजर



उपलब्ध करायें। किसानों को समय पर सस्ता फर्टिलाइजर/खाद उपलब्ध हो जाये, इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि यूरिया की एक बोरी 2366 रुपए में आती है। हम किसानों को 266 रुपए में उपलब्ध कराते हैं, डीएपी की एक बोरी 2433 रुपये की आती है, जिसे हम किसानों को 1350 रुपये में उपलब्ध कराते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 100 दिनों में एक और विशेष काम हुआ है कि डिजिटल कृषि मिशन के लॉन्च को स्वीकृति दी गयी है। उन्होंने कहा कि नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और किसानों ने इसका उपयोग करना भी प्रारंभ कर दिया है। श्री चौहान ने कहा कि आधुनिक किसान चौपाल - लैब टू लैंड, अक्टूबर में प्रारंभ करने वाले हैं, जिसमें वैज्ञानिक, किसानों तक सीधी जानकारियां पहुंचाएंगे। हम परंपरागत फसलों के साथ-साथ बागवानी की फसलों के अधिक उत्पादन के प्रत्यन में लगे हैं। हम 9 आधुनिक केंद्र बना रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने पहले महत्वपूर्ण निर्णय में 9.26 करोड़ से अधिक किसानों को पीएम-किसान योजना के तहत रुपये 21000 करोड़ की धनराशि जारी की । सरकार के 100-दिवसीय कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, सैचुरेशन अभियान चलाये गये, जिसमें 25 लाख से अधिक नये किसानों को पीएम-किसान योजना से जोड़ा गया । अब इस योजना के तहत कुल लाभार्थियों की संख्या 9.51 करोड़ से अधिक हो गयी है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने किसानों को उनकी अपनी भाषा में पीएम-किसान से संबंधित प्रश्नों में सहायता करने के लिए एआइ-चैटबॉट किसान-ईमित्र का उपयोग किया। इस चैटबॉट ने अब तक 50 लाख किसानों के 82 लाख से अधिक प्रश्नों को सफलतापूर्वक हल किया है। किसान ईमित्र चैटबॉट की सफलता को देखते हुए इसे मंत्रालय की अन्य योजनाओं, जैसे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और पीएम फसल बीमा योजना योजनाओं के लिए अपग्रेड किया जा रहा है। प्रेसवार्ता में सचिव कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, देवेश चतुर्वेदी और कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) सचिव, डेयर तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 20 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# गढ़वा को विकास की अग्रिम पंक्ति में खड़ा किया: मिथिलेश ठाकुर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आपकी योजना आपका सरकार आपके द्वार कार्यकर्म के चौथे चरण में शामिल हुए गढ़वा के मेराल प्रखंड के पेस्का हाई स्कूल के मैदान में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि झारखंड में गढ़वा जिला का सबसे पिछड़ा होने का धब्बा लगा रहता था, हमने गढ़वा का विकास करके अग्रणी विकास के लाइन में खड़ा किया है।

उन्होंने कहा कि गढ़वा के 2700 किलोमीटर में से 1200 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया गया। पेयजल के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में 22 घंटा तथा शहरी क्षेत्र में 24 घंटे बिजली की व्यवस्था किया। अगस्त 2024 तक के सभी लोगों के घर का बकाया बिजली बिल को माफ कराया है। इसके साथ ही 200 यूनिट तक फ्री में सभी को बिजली दिया जा रहा है। इसके अलावा कार्यक्रम में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने भी सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण में उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि जनता की सुविधा के लिए गांव एवं पंचायत स्तर पर सभी प्रकार के प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। जिले में 73 खेल मैदान एक महीने में बनकर तैयार हो जायेगा। 96% मईया सम्मान योजना का लाभ मिलना शुरू हो गया है। इस अवसर पर गढ़वा जिला परिषद के अध्यक्षा शांति देवी काफी संख्या में गढ़वा और लातेहार जिला के महिला, पुरुष उपस्थित थे।

## भंडरिया थाना के नवनिर्मित भवन का हुआ उद्घाटन



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया थाना का नवनिर्मित भवन का उद्घाटन झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम मंत्री सत्यानंद भोक्ता और विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा विधि पूर्वक गढ़वा जिला के मेराल प्रखंड के दुलदुलवा हाई स्कूल के मैदान से ऑनलाइन उद्घाटन का आयोजन कर भंडारिया नवनिर्मित भवन ओवर नैसर्जित प्रखंड बरगढ़ के नया थाना भवन का उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे के द्वारा पिता काटा काटकर गृह प्रवेश किया, साथ ही अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह भंडरिया थाना 1906 का है। थाना प्रभारी आशीष कुमार के द्वारा विधिपूर्वक पूजा अर्चना की गयी। मौके पर राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष निर्मला ठाकुर झारखंड मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष रवि शंकर कश्यप भंडरिया जिप सदस्य हिरवंती देवी प्रमुख रुकमणी कुमारी उप प्रमुख श्रद्धा देवी सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंहा बिरजू सिंह भंडरिया मुखिया विनय सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## गढ़वा जिले का 23वां थाना बना बड़गड़



बड़गड़। गुरुवार को सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसका आनलाइन उद्घाटन किया। गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत दुलदुलवा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होने हेमंत सोरेन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उक्त शिविर में शामिल हुए। तथा वहीं से उन्होंने नव सृजित बड़गड़ थाने का उद्घाटन किया। इस मौके पर गढ़वा विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, लातेहार विधायक रामचंद्र सिंह उपस्थित थे। नवसृजित थाना बड़गड़ के प्रथम थानेदार बन दीपक कुमार मौर्य। इससे पहले वे गढ़वा थाने में एसआई के पद पर कार्यरत थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आमजन बेहिचक अपनी समस्या को ले कर थाने में आयें, उनकी समस्या को दुर किया जायेगा। बड़गड़ थाने के सीमांकन में यहां के चार पंचायत बड़गड़ सदर सहित परसवार, टेहरी, मदगड़ीच पंचायत के समस्त गांवों के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम में बीडीओ अमित कुमार पासवान, भंडरिया अंचलाधिकारी राकेश भुषण सिंह, एसआई विजय शंकर राय, नवपदस्थ पुलिस अवर निरीक्षक राम सिंह गागराई, सअनि योगेंद्र उरांव, सअनि प्रभु प्रसाद मेहता आदि सहित काफी संख्या में थाना क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

## विश्वकर्मा समाज के उत्थान के लिए सबों के सहयोग की जरूरत : सुरेंद्र विश्वकर्मा



गढ़वा (आजाद सिपाही)। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर विश्वकर्मा समाज की ओर से भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन गौरा टीकर कल्याणपुर में किया गया। कार्यक्रम उद्घाटन समाज के बुजुर्ग शिवशंकर विश्वकर्मा, विश्वकर्मा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष आनंद विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर और रिबन को जोड़कर उद्घाटन किया। इस मौके पर सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि हम में से जिन्हें सर्वेत्म शिक्षा व सर्वोत्म मांसीक शक्तियां मिली हैं उनपर समाज के प्रति उतनी ही जिम्मेदारी भी है। हम उस मांसीक पूंजीपति को पूजा के योग नहीं समझेगें, तो समाज के पैसों से उच्च शिक्षा प्राप्त कर उसे शुद्ध स्वाथ्य साधन में लगाता है। इस मौके पर कमिटी के अध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, पारशनाथ विश्वकर्मा, आशुतोष शर्मा, विकास विश्वकर्मा, सुनील, रघुवीर, बिरबल, राजमणी विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## वैश्य महासभा व्यापार संगठन बड़गड़ का गठन, अरविंद जयसवाल बने अध्यक्ष



बड़गड़ (आजाद सिपाही)। बड़गड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में वैश्य परिवार के लोगों की एक बैठक सोमवार को आयोजित हुई। बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार वैश्य महासभा व्यापार संगठन बड़गड़ प्रखंड ईकाई नामित समिति के अध्यक्ष के रूप में सर्व सम्मति से अरविंद जयसवाल का चयन किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष अरूण भगत, सचिव प्रेम सागर जयसवाल, उप सचिव मुकेश सोनी, कोषाध्यक्ष दीनानाथ प्रसाद सोनी, उप कोषाध्यक्ष पंकज सोनी को बनाया गया। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देता है, ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का संचार होता हैं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव, भगत दयानंद यादव, आयोजन समिति के शंभू यादव, दिलीप, ओमनारायण यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बारिश से मकान गिरा, आवास देने की मांग



बारिश में उमा देवी का गिरा हुआ घर।

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के ग्राम रंकाखुर्द निवासी उमा देवी पति अशोक राम का घर भारी बारिश के कारण गिर गया। इसके संबंध में उमा देवी ने आजाद सिपाही को बताया कि वह एक गरीब महिला हैं और एक यही मकान था जिसमें वह बाल बच्चों के साथ किसी तरह रहती थी। उसने बताया कि लगातार हो रही बारिश से घर गिर गया और वह घर बनाने से असमर्थ है। उन्होंने पंचायत के मुखिया और रंका प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से अबुआ आवास देने की मांग की है ताकि घर बनाकर जीवन निर्वाह कर सके।

## विधायक प्रतिनिधि पर अवधेश ने चापानल लगाने के लिए सात हजार रुपये लेने का लगाया आरोप



जानकारी देते अवधेश भुइया।

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। चपरी पंचायत के सिंघीताली गांव में विधायक निधि से चापानल लगाने के नाम पर पैसा उगाही का मामला प्रकाश में आया है। विधायक प्रतिनिधि विपीन चौबे पर गांव के ही दिरगज भुइया का पुत्र अवधेश भुइया ने चापानल लगाने के लिए सात हजार रुपये लेने का आरोप लगाया है। अवधेश भुइया ने बताया कि घर के सामने चापानल लगाने के लिए बोर मशीन आया बोर भी किया, लेकिन 28 फीट बोर करके चला गया। चापानल लगा, लेकिन पानी नहीं निकल रहा है। अवधेश भुइया ने आरोप लगाया की पैसा लेकर भी 200 फीट बोर नहीं कराया गया, जिससे पानी की समस्या से हम अभी भी जूझ रहे हैं। अवधेश भुइया ने बताया कि विधायक प्रतिनिधि विपीन चौबे हमारे गांव के ही हैं, बीते वर्ष में विधायक निधि से चापानल लगाने के लिए बोले थे जिसके लिए पैसा खर्च करने की बात बोले थे,बताया कि हमारे पास पैसा नहीं था तो बैल बेच कर पांच हजार रुपए उन्हें दिए थे। अवधेश भुइया ने विधायक भानु से इस बात की शिकायत करने के लिए टाउनशिप आवास पर दो बार गया, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी, उसने कहा कि एक बार फिर आवेदन देने आवास पर जायेंगे। इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि विपीन चौबे ने कहा, अवधेश भुइया हमारा कार्यकर्ता हैं। पैसा लेकर चापानल लगाने का आरोप झुठा है। भवनाथपुर पंचायत में भी विधायक निधि से लगाएं गये चापानल के लाभुकों से पांच से सात हजार रुपये लेने की चर्चा बजारों में हो रही है।

## मोदी सरकार की विदेश नीति के कारण दुनिया भर में भारत का कद बढ़ा है: अलखनाथ पांडेय

**जरूरतमंदों के बीच खाने-पीने का सामान वितरण कर पीएम का जन्मदिवस मनाया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में भाजपा नेता अरविंद तूफानी सहित कई अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जरूरतमंद लोगों के बीच खाने-पीने का सामान वितरण कर प्रधानमंत्री का जन्मदिवस मनाया। मौके पर उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। जो भी योजनाएं हैं उसका लाभ सभी परिवारों को ईमानदारी से दिया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में आवास, शौचालय, पेंशन, मुफ्त राशन, किसान सम्मान निधि सभी लोगों को दिया जा रहा है।

अलखनाथ पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री का वह काम जो किसी और सरकार के लिए असंभव था जैसे धारा 370, अयोध्या विवाद का अंत, स्वच्छ भारत अभियान, सर्जिकल और एयर स्ट्राइक जैसे और भी कई सराहनीय कार्य नरेंद्र मोदी जी के द्वारा किया गया। जिसको देश कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबी हटाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। जिनमें जनधन योजना शामिल है। इसके साथ ही 'हर घर शौचालय', स्वच्छ भारत अभियान और आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं खास हैं।

## आठ वर्ष बाद पंडा नदी उफान पर, लोगों का उजड़ा आशियाना, किसान परेशान

रविकांत चंद्रवंशी

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में दो दिन से हो रहे मूसलाधार बारिश से जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे है। भवनाथपुर केतार मुख्य पथ पर कई स्थानों पर पेड़ गिर जाने से आवागमन बाधित हो गया था। कुछ घंटे बाद आवागमन सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया। कई जगह पेड़ गिरने से प्रखंड में बिजली 36 घंटे से बाधित है। वहीं थाना क्षेत्र के अजनियां निवासी अदुरूप सिंह 55 वर्ष पंडा नदी के तेज बहाव में आ गए। लोगों की सक्रियता से उन्हे सकुशल नदी से बाहर निकाल लिए गए है। मुखिया प्रमोद कुमार, अवध ठाकुर, अशोक कुमार, पप्पू कमलापुरी, विकास प्रसाद, संतोष ठाकुर सहित अन्य लोगों ने बताया कि पिछले 2016 में पंडा नदी में तेज उफान आया था। आज 8 वर्ष बाद ऐसा उफान पंडा नदी में देखने को मिल रहा है।


प्रखंड के मुकुंदपुर निवासी पुटिया देवी 65 वर्ष पति शंकर राम चंद्रवंशी, नेहा देवी 22 वर्ष टिंकू चंद्रवंशी खाना खाकर अपने घर में सो रही थी, तभी अचानक मूसलाधार बारिश से दीवाल और छप्पर गिरने से दोनों सास और बहू दब गये, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। इसी गांव के ही बेबी देवी 24 वर्ष पति श्रीराम चंद्रवंशी उम्र करीब इनका भी आशियाना ध्वस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार केतार निवासी विनोद ठाकुर, ताली निवासी गुलाबचंद शाह बक्शीपुर निवासी कमलेश शाह परसों दिन निवासी गुड्डू मेहता पछाड़ उमर निवासी सुनील राम सहित अन्य लोगों का आशियाना में पानी घुस गया जिससे स्थिति बद से बदहाल हो गया है।

### क्या कहते हैं प्रखंड विकास पदाधिकारी

प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने बताया कि मूसलाधार बारिश से प्रभावित लोग फोटोग्राफी के साथ आवेदन प्रखंड कार्यालय में जमा करें जांचों परांत उन्हें मुआवजा और अन्य प्रकार से संबंधित योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा।

## भाजपा सरकार बनने पर मंत्री के कार्यकाल की करायी जायेगी जांच: सत्येंद्रनाथ तिवारी

**संग्रहे के गिद्धा गांव में अल्पसंख्यक समुदाय के पांच दर्जन लोग झामुमो छोड़ भाजपा में हुए शामिल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गुरुवार को सदर प्रखंड के संग्रहे खुर्द पंचायत के गिद्धा गांव में अल्पसंख्यक समुदाय के पांच दर्जन लोग झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये। भाजपा में शामिल हुए कयामुद्दीन अंसारी, अफरोज अंसारी, फरीद अंसारी, रोकसाद अंसारी, शहादत अंसारी, रऊफ, तौकीर, मोख्तार, जन्नत, अलीमुद्दीन, गफुर, निसाफुदीन, नेयामत, हैदर अंसारी सहित सभी पांच दर्जन लोगों को पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि वे लोग मंत्री जी के क्रिया कलापों से क्षुब्ध होकर भाजपा में शामिल हुए है। मौके पर पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि क्षेत्र के लोग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से छुटकारा के लिए पूरी तरह से गोलबंद हो चुके है। खुलेआम भ्रष्टाचार और लूट से क्षेत्र के लोग बदलाव के मूड में हैं। झूठ के विकास का ढिंढोरा पीटने वाले मंत्री को यह बताना चाहिए कि पेयजल स्वच्छता के तहत संचालित हो रहे हर घर जल योजना के कार्य में आखिर झारखंड सबसे निचले पायदान पर क्यों खड़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के साथ ही मंत्री के कार्यकाल में हुए सभी भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच करायी जायेगी। मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नसरूदीन, अंसाद खान, नागेंद्र शर्मा, राकेश रौशन, पवन चौधरी, कमलेश सिन्हा, विकास शर्मा, विजय गुप्ता, भाजपा नेता विवेकानंद तिवारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

67वीं औपबंधिक सूची जिला–चतरा (पार्ट–5)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री प्रभु दयाल पासवान के द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 241. | 1. आवेदन क्र0–530/24 2. आवेदक–कौलेश्वर महतो, पिता–सिधु महतो 3. ग्राम–उत्तराठी , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा, प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 242. | 1. आवेदन क्र0–531/24 2. आवेदक–भुनेश्वर महतो, पिता–डोमन महतो 3. ग्राम–खैलहा सिसई , पोस्ट–खधैया , थाना–टण्डवा, प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 243. | 1. आवेदन क्र0–532/24 2. आवेदक–महरंगी देवी, पति–लखन उराँव 3. ग्राम–कल्याणपुर , पोस्ट–बहेरा , थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 244. | 1. आवेदन क्र0–533/24 2. आवेदक–बसंती देवी, पति–लालजी उराँव 3. ग्राम–कल्याणपुर , पोस्ट–बहेरा , थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 245. | 1. आवेदन क्र0–534/24 2. आवेदक–उदय कुमार, पिता–त्रिवेणी भुईया 3. ग्राम–दरियातु , पोस्ट–कामता , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 246. | 1. आवेदन क्र0–535/24 2. आवेदक–राजंती देवी, पति–उदय भुईया 3. ग्राम–दरियातु , पोस्ट–कामता , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 247. | 1. आवेदन क्र0–536/24 2. आवेदक–राजेष रंजन प्रसाद, पिता–स्व0 रामदास साव 3. ग्राम–मास्टर मोहल्ला, जोरी , पोस्ट–जोरी , थाना–जोरी, प्रखण्ड–हंटरगंज 4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के नीचे तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 248. | 1. आवेदन क्र0–537/24 2. आवेदक–रीता देवी, पति–विनय कुमार पाण्डेय 3. ग्राम–बनसिघ जोरी , पोस्ट–जोरी , थाना–जोरी, प्रखण्ड–हंटरगंज 4. लिंग–महिला , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 249. | 1. आवेदन क्र0–538/24 2. आवेदक–मसो0 कांति देवी, पति–स्व0 लक्ष्मण रजक 3. ग्राम–परोरिया , पोस्ट–बड़गाँव , थाना–मयुरहंड, प्रखण्ड–मयुरहंड 4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 250. | 1. आवेदन क्र0–539/24 2. आवेदक–षम्भुनाथ राणा, पिता–स्व0 मोहन राणा 3. ग्राम–सिंघानी , पोस्ट–पत्थलगड़ा , थाना–पत्थलगड़ा , प्रखण्ड–पत्थलगड़ा 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 251. | 1. आवेदन क्र0–3745/24 2. आवेदक–भागीरथ साव , पिता–बाजो साव 3. ग्राम–सीकरी , पोस्ट–बड़कागाँव , थाना–बड़कागाँव, प्रखण्ड–बड़कागाँव 4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 252. | 1. आवेदन क्र0–540/24 2. आवेदक–राजकुमार प्रसाद , पिता – स्व0 हरिनन्दन प्रसाद 3. ग्राम–कसियाडीह , पोस्ट–कसियाडीह , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग– पुरूष , आयु–50 वर्ष ,पहचान चिन्ह–बायां हाथ के कलाई में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 253. | 1. आवेदन क्र0–541/24 2. आवेदक–सूरज राणा , पिता–स्व0 रूपन राणा 3. ग्राम–पोकला , पोस्ट–कसियाडीह , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग– पुरूष , आयु–51वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 254. | 1. आवेदन क्र0–542/24 2. आवेदक–पारस कुमार गुप्ता , पिता–स्व0 भोला प्रसाद साहु 3. ग्राम–सेरनदाग , पोस्ट–कसियाडीह , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग– पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 255. | 1. आवेदन क्र0–543/24 2. आवेदक–मनोज महतो , पिता–स्व0 माधा महतो 3. ग्राम–पोकला , पोस्ट–कसियाडीह , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग– पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 256. | 1. आवेदन क्र0–544/24 2. आवेदक–प्रभु महतो , पिता–स्व0 मोगल महतो 3. ग्राम–कसियाडीह , पोस्ट–कसियाडीह , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग– पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 257. | 1. आवेदन क्र0–545/24 2. आवेदक–संजय कुमार षर्मा , पिता–स्व0 अदित्य ठाकुर 3. ग्राम–कसियाडीह , पोस्ट–कसियाडीह , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग– पुरूष , आयु–50वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक में कट का निषान । | कंडिका–2(ix) |
| 258. | 1. आवेदन क्र0–546/24 2. आवेदक–लैटु उराँव , पिता–छत्री उराँव 3. ग्राम–कल्याणपुर , पोस्ट–बहेरा , थाना–पिपरवार , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग– पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां गर्दन में तिल का निषान । | कंडिका–2(ix) |
| 259. | 1. आवेदन क्र0–547/24 2. आवेदक–जमाल मियाँ , पिता–गफुर मियाँ 3. ग्राम–कल्याणपुर , पोस्ट–बहेरा , थाना–पिपरवार , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग– पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 260. | 1. आवेदन क्र0–548/24 2. आवेदक– पारो देवी , पति –गुलाब ठाकुर 3. ग्राम–बचरा बस्ती , पोस्ट–बचरा थाना–पिपरवार , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग– महिला, आयु–65 वर्ष , पहचान चिन्ह– अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 261. | 1. आवेदन क्र0–549/24 2. आवेदक–नारायण साहु , पिता–नागो साहु 3. ग्राम–तेसर चोपा , पोस्ट–धनगड़ा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग– पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 262. | 1. आवेदन क्र0–550/24 2. आवेदक–षहनाज बानो , पति –अब्दुल कयुम अंसारी 3. ग्राम–कल्याणपुर , पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग– महिला, आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह– अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 263. | 1. आवेदन क्र0–551/24 2. आवेदक–इदरीष मियां , पिता–जगन मियां 3. ग्राम–मिश्रौल , पोस्ट–खधैया , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग– पुरूष , आयु–70 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 264. | 1. आवेदन क्र0–552/24 2. आवेदक–सुरेष पाल , पिता –करम भगत 3. ग्राम–तेसर चोपा , पोस्ट–धनगड़ा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग– पुरूष , आयु–74 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 265. | 1. आवेदन क्र0–553/24 2. आवेदक–सुक्मणी देवी , पति –रामू उराँव 3. ग्राम–कल्याणपुर , पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग– महिला, आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह– अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 266. | 1. आवेदन क्र0–554/24 2. आवेदक–वासुदेव यादव , पिता–पचु यादव 3. ग्राम–सलैया , पोस्ट–सलैया , थाना–जोरी , प्रखण्ड–हंटरगंज 4. लिंग– पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 267. | 1. आवेदन क्र0–555/24 2. आवेदक–गया रजक , पिता–रामचन्द्र बैठा 3. ग्राम–करानी , पोस्ट–करमा , थाना–हंटरगंज , प्रखण्ड–हंटरगंज 4. लिंग– पुरूष , आयु–69 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 268. | 1. आवेदन क्र0–556/24 2. आवेदक–फैजुर रषीद , पिता–ताज मोहम्मद 3. ग्राम–सिमरिया खुर्द , पोस्ट–सिमरिया , थाना–सिमरिया, प्रखण्ड–सिमरिया 4. लिंग– पुरूष , आयु–49वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 269. | 1. आवेदन क्र0–557/24 2. आवेदक–गुलाम रब्बानी , पिता–ताज मोहम्मद 3. ग्राम–सिमरिया खुर्द , पोस्ट–सिमरिया , थाना–सिमरिया, प्रखण्ड–सिमरिया 4. लिंग– पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 270. | 1. आवेदन क्र0–558/24 2. आवेदक–अषोक कुमार ठाकुर , पिता–जगदीष ठाकुर 3. ग्राम–करनी , पोस्ट–करनी , थाना–इटखोरी , प्रखण्ड–इटखोरी 4. लिंग– पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 271. | 1. आवेदन क्र0–559/24 2. आवेदक–ब्रज किषोर मेहता , पिता–छटु महतो 3. ग्राम–पकरिया , पोस्ट–पकरिया , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग– पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 272. | 1. आवेदन क्र0–3746/24 2. आवेदक–मोहन महतो , पिता–रतन महतो 3. ग्राम–बटुका , पोस्ट–बुण्डु , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी 4. लिंग– पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 273. | 1. आवेदन क्र0–3747/24 2. आवेदक–अनिरूद्ध कुमार पासवान (आश्रित पुत्र) , पिता–स्व0 घनष्याम राम (मूल आन्दोलनकारी) 3. ग्राम–गर्री कलां , पोस्ट–गर्री कलां , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी 4. लिंग– पुरूष , आयु–34 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 274. | 1. आवेदन क्र0–3748/24 2. आवेदक–गणेष महतो (आश्रित पुत्र) , पिता–घनु महतो, माता–स्व0 फूलमति देवी (मूल आन्दोलनकारी) 3. ग्राम–किरीगड़ा , पोस्ट–बुण्डु , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी 4. लिंग– पुरूष , आयु–33 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 275. | 1. आवेदन क्र0–3749/24 2. आवेदक–दीपक ठाकुर, पिता –सुरेष ठाकुर 3. ग्राम–बड़कागाँव , पोस्ट–बड़कागाँव , थाना–बड़कागाँव , प्रखण्ड–बड़कागाँव 4. लिंग– पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 276. | 1. आवेदन क्र0–2260/24 2. आवेदक–किरण देवी , पिता–महेन्द्र विष्वकर्मा 3. ग्राम–भेंडरा , पोस्ट–भेंडरा , थाना–नवाडीह , प्रखण्ड–नवाडीह 4. लिंग– पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अनिल कुमार अग्रवाल एवं मुनेश्वर माली द्वारा पर आयोग के मा0 सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं आवेदक के झारखण्ड आन्दोलनकारी के रूप में पहचान के आधार पर। | |
| 277. | 1. आवेदन क्र0–154/23 2. आवेदक–मो0 ज्याउद्दीन खान, पिता–मो0 तैयब 3. ग्राम–लाइन मुहल्ला, अखाड़ा खनकाह मस्जिद , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 278. | 1. आवेदन क्र0–155/23 2. आवेदक–मो0 अनजर अहसन उर्फ मो0 अंजर आलम , पिता–मो0 मोख्तार 3. ग्राम–लाइन मुहल्ला, अखाड़ा खनकाह मस्जिद , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 279. | 1. आवेदन क्र0–560/24 2. आवेदक–मो0 अबू बकर , पिता–मो0 शाहिद आजम 3. ग्राम–लाइन मुहल्ला, मेन रोड, चतरा , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के बायें ओर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 280. | 1. आवेदन क्र0–146/23 2. आवेदक–अल्तमष परवेज , पिता–मो0 ज्याउद्दीन खान 3. ग्राम–लाइन मुहल्ला, अखाड़ा खनकाह मस्जिद , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–39 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 281. | 1. आवेदन क्र0–561/24 2. आवेदक–कामेष्वर सिंह , पिता–बालेष्वर सिंह 3. ग्राम–खाप , पोस्ट–हफुआ , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 282. | 1. आवेदन क्र0–562/24 2. आवेदक–मो0 खालिद , पिता–मो0 आजम अली 3. ग्राम–चौर मुहल्ला, रामनगर, वार्ड नं0 12, चतरा , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 283. | 1. आवेदन क्र0–150/23 2. आवेदक–मो0 तबरेज , पिता–मो0 ज्याउद्दीन खान 3. ग्राम–लाइन मुहल्ला, अखाड़ा खनकाह मस्जिद , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–39 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 284. | 1. आवेदन क्र0–563/24 2. आवेदक–मो0 राषिद , पिता–मो0 नुरूल इस्लाम 3. ग्राम–अखाड़ा गली, खानकाह रोड, लाईन मुहल्ला , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 285. | 1. आवेदन क्र0–147/23 2. आवेदक–रेषमा आरा , पति–मो0 ज्याउद्दीन खान 3. ग्राम–लाइन मुहल्ला, अखाड़ा खनकाह मस्जिद , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–महिला , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 286. | 1. आवेदन क्र0–151/23 2. आवेदक–राषिदा प्रवीन , पति–मो0 अनजर अहसन उर्फ मो0 अंजर आलम 3. ग्राम–लाइन मुहल्ला, अखाड़ा खनकाह मस्जिद , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–महिला , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 287. | 1. आवेदन क्र0–156/23 2. आवेदक–आषिया प्रवीन , पति–मो0 तारिक 3. ग्राम–लाइन मुहल्ला, अखाड़ा खनकाह मस्जिद , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 288. | 1. आवेदन क्र0–157/23 2. आवेदक–षाजिया जबीन , पति–मो0 सलाउद्दीन 3. ग्राम–लाइन मुहल्ला, अखाड़ा खनकाह मस्जिद , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–महिला , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 289. | 1. आवेदन क्र0–564/24 2. आवेदक–लिलावती देवी , पति–हेमलाल साव 3. ग्राम–डमडोईया, पोस्ट–टीकर , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–महिला , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 290. | 1. आवेदन क्र0–565/24 2. आवेदक–समरीन प्रवीन , पिता–मो0 ज्याउद्दीन 3. ग्राम–लाइन मुहल्ला, अखाड़ा खनकाह गली, पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–महिला , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 291. | 1. आवेदन क्र0–158/23 2. आवेदक–मो0 सलाउद्दीन , पिता–मो0 ज्याउद्दीन खान 3. ग्राम–लाइन मुहल्ला, अखाड़ा खनकाह मस्जिद , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 292. | 1. आवेदन क्र0–566/24 2. आवेदक–राम प्रसाद यादव , पिता–स्व0 बढ़न यादव 3. ग्राम–डहुरी , पोस्ट–कमता , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 293. | 1. आवेदन क्र0–567/24 2. आवेदक–दुलार चन्द यादव , पिता–जीतन यादव 3. ग्राम–सरैया , पोस्ट–ऊँटा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 294. | 1. आवेदन क्र0–568/24 2. आवेदक–देव कुन्ती देवी , पति–राम प्रसाद यादव 3. ग्राम–डहुरी , पोस्ट–कमता , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 295. | 1. आवेदन क्र0–569/24 2. आवेदक–मालती देवी , पति–स्व0 भुनेश्वर साव 3. ग्राम–सुरही मुहल्ला , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 296. | 1. आवेदन क्र0–570/24 2. आवेदक–बसंती देवी , पति–स्व0 कलूवा भुईया 3. ग्राम–भगवान दास पानी टंकी के पास, पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 297. | 1. आवेदन क्र0–571/24 2. आवेदक–अरूण कुमार भगत , पिता–शेषनाग भगत 3. ग्राम–खरीक , पोस्ट–तपेज , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 298. | 1. आवेदन क्र0–572/24 2. आवेदक–सुरज यदाव , पिता–स्व0 महाराज यदव 3. ग्राम–लक्ष्णपुर , पोस्ट–ऊँटामोड़ , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायाँ हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 335992 Home(24-25)#D

# मारपीट में घायल युवक की हुई मौत, 11 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

## जमीन विवाद को लेकर 8 जुलाई को मारपीट में हुआ था घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा थाना क्षेत्र के चपरवार मौजा क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर विगत 8 जुलाई को हुए मारपीट में घायल 29 वर्षीय राकेश भुइंया की इलाज के दौरान बुधवार की रात घर पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना गुरुवार को पीपरा पुलिस को दी गयी। खबर पाते ही थाना प्रभारी बिमल कुमार दल बल के साथ मृतक के घर पहुंच गये। परिजनों से पूछताछ के बाद शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। उधर, घटना को लेकर मृतक के पिता राजेश भुइंया ने थाना प्रभारी के समक्ष नौ नामजत और दो अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध फर्द ब्यान दर्ज कराया है। मृतक के पिता ने बताया कि 8 जुलाई को गांव के त्रिवेणी सिंह, सुरेश सिंह, जितेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, अभय सिंह, सुधीर सिंह, संजय सिंह, टुना सिंह, प्रमोद सिंह, निकी सिंह और धनंजय सिंह उसके मेरे घर पहुंचे और महिलाओं से गाली गलौज करते हुए जमीन नहीं जोतने की धमकी देने लगे। इसी बीच गाली गलौज सुनकर उनका बेटा राकेश घर से बाहर निकला तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उनके हमले में राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे छतरपुर इलाज के लिए ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देखकर डाक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। वहां एक महीने तक इलाज चलने के बाद डाक्टर ने घर पर ही राकेश की दवा चलाने की बात कही। साथ ही चार माह बाद दोबारा राकेश को अस्पताल लाने की बात कही गयी, जहां उसके रीढ़ की हड्डी और गर्दन के नस का ऑपरेशन होना था। लेकिन उससे पहले ही राकेश की मौत हो गई। उधर, मृतक की भाभी सरिता देवी और भवह खुशबू देवी ने बताया कि इलाज के लिए भेजने के बाद वे लोग पीपरा थाना में हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कराने पहुंची थी। पर वहां त्रिवेणी सिंह, सुरेश सिंह, जितेंद्र सिंह आदि पहले से मौजूद थे। यह देख वे लोग डर गयी और वहां से घर लौट आयीं। जबकि मृतक की भवह खुशबू देवी ने बताया कि 20 अगस्त को पलामू मुख्य दंडाधिकारी से त्रिवेनी सिंह, सुरेश सिंह, जितेंद्र सिंह सहित 11 लोगों के खिलाफ नामजत प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसके विरोध में भादवि व हरिजन अत्याचार अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। दूसरी ओर, प्राथमिकी दर्ज होने के संबंध में थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि मृतक के पिता का ब्यान ले लिया गया है। प्राथमिकी दर्ज होगी। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि उपेंद्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, बसपा प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, राजेश्वर राम आदि उपस्थित थे।



मृतक के शव का पंचनामा करते थाना प्रभारी व मौके पर मौजूद लोग।

# सिर्फ भाजपा ही विकास की बात करती है : अरविंद सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**विश्रामपुर/पलामू।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह उंटारी जिला पार्षद अरविंद सिंह ने गुरुवार को विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनी और समाधान के लिए सार्थक पहल करने का भरोसा दिला। उन्होंने लोगों को केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उसका लाभ उठाने की अपील की। ग्रामीणों को मोदी सरकार की उपलब्धियां भी बताई। अरविंद सिंह ने कहा कि विरोधी दल के लोग जात धर्म की बात करते हैं तो भाजपा सिर्फ विकास की बात करती है। भाजपा के पास विकास का विजन और संकल्प दोनों है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है। कहा कि अपने 25 वर्षों के राजनीतिक जीवन में विश्रामपुर विस क्षेत्र के लोगों से सीधा जुड़ा रहा। लोगों की समस्याओं को लेकर हमेशा आंदोलनरत रहा। जिसके चलते आम लोगों का काफी समर्थन भी मुझे प्राप्त है। विधानसभा चुनाव लड़ाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने विश्वास जताते हुए मौका दिया तो विश्रामपुर मझिआंव विस क्षेत्र से जीत कर झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने में महती भूमिका अदा करूंगा। अन्यथा पार्टी के एक सच्चे सिपाही की तरह कार्य करता रहूंगा।

## अमर बाउरी और झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंत विस्वा सरमा से मिलीं भाजपा नेत्री संध्या



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेत्री संध्या सिंह ने गुरुवार को झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंत विश्व शर्मा से पार्टी के रांची प्रदेश कार्यालय में जाकर मुलाकात की। इसके अलावा भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी व प्रदेश के क्षेत्रीय महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी से भी मिलीं। संध्या सिंह ने पार्टी के आला नेताओं के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। उक्त नेताओं को विश्रामपुर विधानसभा सहित पलामू प्रमंडल के वर्तमान राजनीतिक हालात की जानकारी दी। हिमंत विश्वा शर्मा ने संध्या सिंह को संगठन को विस्तारित करने के कार्य में जुट जाने को कहा। उन्होंने संध्या सिंह से संगठन में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ने पर बल दिया।

## वार्ड सदस्यों ने की मानदेय भुगतान और आवास योजना में प्राथमिकता देने की मांग



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सभी पंचायतों के वार्ड सदस्यों ने अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा से मानदेय भुगतान व आवास योजना में प्राथमिकता दिए जाने की मांग की है। वार्ड सदस्यों का कहना है कि उन्हें पिछले ढाई वित्तीय वर्ष से 500 रुपये का मानदेय नहीं मिला है। इस संबंध में अब तक कोई कारवाई नहीं की गई है। कई वार्ड सदस्य आवासहीन हैं और मिट्टी के मकानों में रहने को मजबूर हैं। इसके बावजूद उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना अथवा अबुआ आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित रखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 15 दिन पूर्व अपनी उक्त मांगों से संबंधित एक ज्ञापन बीडीओ को दिया था। वार्ड सदस्यों ने आरोप लगाया है कि मुखिया और पंचायत सचिव द्वारा बिना उनकी भागीदारी के मनमाने ढंग से योजनाओं को लागू किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर त्वरित कार्रवाई नहीं की गई तो वे धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। मौके पर वार्ड सदस्य निर्मला देवी, पम्मी देवी, अनिता देवी, सोनू राम,गीता देवी, अंजली कुमारी, वी पासवान, रंजीत कुमार, सबिता देवी और रीना देवी आदि ने बीडीओ से मांग की है कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और राज्य सरकार तक उनकी बात पहुंचाई जाए।

## स्वच्छता को स्वभाव व संस्कार में शामिल करें : सोमा खंडैत




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गुरुवार को कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनता उच्च विधालय व रेड रोज पब्लिक स्कूल में बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए फायदे बताये गये। इसके अलावा कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत ने शिक्षकों, अभिभावकों व छात्र छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। सोमा खंडैत ने कहा कि स्वच्छता को स्वभाव और संस्कार में शामिल करने की जरूरत है। सप्ताह में दो घंटा स्वच्छता के लिए श्रमदान जरूर करें। न खुद गंदगी करें और न ही दूसरों को करने दें। ताकि आपका शहर, वार्ड, गांव व घर साफ सुथरा रह सके। उन्होंने स्वच्छता से होने वाले फायदे बच्चों को बताया। मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम,नप के ब्रांड एम्बेसडर राजन पांडेय, अनिल गुप्ता, सुबोध केशरी, दीपक कुमार, राजेश प्रसाद, आनंद कुमार, संदीप कुमार मौर्या, रमेश कुमार, रवि कुमार आदि मौजूद थे।

## लेदुका दुर्गा पूजा कमेटी का पुनर्गठन, हरे कृष्ण बने अध्यक्ष

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लेदुका गांव स्थित दुर्गा मंडप में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी सरयू प्रसाद चौहान और संचालन दुर्गा पूजा के संस्थापक राजेंद्र चौधरी गुरुजी ने किया। इस दौरान सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा कमेटी का पुनर्गठित किया गया। जिसमें हरे कृष्णा चौहान को अध्यक्ष चुना गया। वहीं जानकी राम सचिव व ओमनथ राम को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया।

# केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 21 को पलामू में

## बंशीधरनगर से शुरू हो रही भाजपा की परिवर्तन यात्रा में होंगे शामिल

**28 को मेदिननगर में परिवर्तन यात्रा का होगा समापन, शामिल होंगें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** भाजपा के परिवर्तन यात्रा को लेकर पलामू प्रमंडल के प्रमुख कार्यकर्ताओं की गुरुवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी और संचालन महामंत्री विजय ठाकुर ने किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में कार्यक्रम के संयोजक सह चतरा के पूर्व सांसद सुनील सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी और परिवर्तन यात्रा के रूट मैप को समझाया। बताया कि 21 सितंबर को बंसीधर नगर से पलामू प्रमंडल में यात्रा प्रारंभ होगी जिसमें केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित रहेंगे। परिवर्तन यात्रा गढ़वा, विश्रामपुर, हुसैनाबाद, छतरपुर, पांकी, लातेहार और मनिका विधानसभा में निकाली जाएगी एवं हर विधानसभा में एक बड़ी जनसभा की जाएगी। 28 सितंबर को मेदिनीनगर में परिवर्तन यात्रा का समापन होगा जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में कार्यक्रम के सह संयोजक जवाहर पासवान, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक आलोक चौरसिया, डॉ शशि भूषण मेहता, पूर्व सांसद मनोज कुमार, गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, लातेहार जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, प्रेम सिंह, विपिन बिहारी सिंह, मुकेश निरंजन सिन्हा, हरे कृष्णा सिंह, शिवधारी राम, ओमप्रकाश तिवारी, विनोद सिंह, अशोक सिंह, अविनाश वर्मा, रघुराज पांडेय, अलख नाथ पांडेय, मंगल सिंह, अवधेश सिंह चेरो, उदय शुक्ला, ओम प्रकाश केशरी, संतोष दुबे, अरुण सिंह, ईश्वरी पांडेय, अभिमन्यु तिवारी, सोमेश सिंह, विजय कुशवाहा, शुभम प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## समाजसेवी के पिता के निधन पर राजद नेता सहित कई लोगों ने जताया शोक

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुरी पंचायत अंतर्गत लंगुराही गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता अमलेश यादव के पिता विशेसर यादव (80) का गुरुवार अहले सुबह निधन हो गया। इसकी सूचना पाकर राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण दाह संस्कार में शामिल हुए और शोक जताया। इसमें महावीर यादव, गोपाल यादव, महादेव यादव आदि शामिल थे।

# पलामू डीसी ने परीक्षा के सफल संचालन को लेकर की बैठक

## 21-22 को विभिन्न केंद्रों पर होगी झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के सफल आयोजन को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। जिसमें सहायक पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सेंटर सुपरिटेंडेंट, स्टैटिक दंडाधिकारी, उड़नदस्ता टीम के सदस्य आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण परीक्षा है जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी भाग लेंगे। इसके बेहतर संचालन व कदाचार मुक्त संपन्न कराने में सभी को बेहतर समन्वय स्थापित कर काम करने की आवश्यकता है। कहा कि निष्पक्ष और कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सभी की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी संबंधितों से जेएसएससी प्रतियोगिता परीक्षा के सभी नियमों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करवाने की बात कही। डीसी ने सभी उड़नदस्ता सह गश्ती दंडाधिकारी को निर्देश दिया कि वे परीक्षा तिथि को निर्धारित समय से न्यूनतम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा को कदाचार मुक्त और सुगमता पूर्वक संचालित कराने के लिए सभी तरह के कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। सेंटर सुपरिटेंडेंट यह सुनिश्चित करें कि उनकी ओर से कोई चूक ना हो। डीसी ने कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारी अपने संबंधित मजिस्ट्रेट के साथ बेहतर समन्वय बनाते हुए परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराना सुनिश्चित करें। सेंटर के आसपास कहीं कदाचार ना हो, यह सुनिश्चित हो।

### जिले में बनाये गये हैं 16 परीक्षा केंद्र

21 व 22 सितंबर को आयोजित होने वाली झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 को लेकर जिले में 16 परीक्षा केंद्र बनाए गये है। परीक्षा तीन पालियों में होगी। पहली पाली में सुबह 8.30 से 10.30 बजे तक, द्वितीय पाली सुबह 11.30 से 1.30 बजे और तीसरी पाली में अपराह्न तीन बजे से शाम पांच बजे तक परीक्षा होगी। परीक्षा को कदाचार मुक्त कराने को लेकर सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी की जाएगी।

# विधायक ने चुनाव नजदीक देख शुरू किया शिलान्यास का खेल : ब्रह्मदेव



